* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 211

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

कल्पना झांसी की रानी, मोदी को दे रही चुनौतीः केजरीवाल








मजदूर नेता स्व० राजेंद्र प्रसाद सिंह

## महिला सशक्तीकरण, महंगाई से मुक्ति, बेरोजगारी दूर करने के लिए इंडी गठबंधन को मजबूत करें, मुझे अपना स्नेह व आशीर्वाद दें : अनुपमा सिंह

### आधी आबादी, किसानों, मजदूरों और व्यवसायी भाइयों के हितों की रक्षा ही चुनाव लड़ने का मुख्य मकसद : अनुपमा सिंह






धनबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में धीरे-धीरे जनसैलाब उमड़ पड़ा है. जगह-जगह बैठकों, जनसंपर्क और रोड शो का दौर जारी है. इस क्रम में गठबंधन की सभी पार्टियां एक साथ अभियान चला रही हैं. गुरुवार को झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मणिशंकर ने विभिन्न इलाकों में अभियान चलाया. उन्होंने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में बदलाव का माहौल है. उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी महंगाई की बात उठाती है, तो मोदी सरकार पाकिस्तान की बात करती है. बेरोजगारी की बात की जाती है, तो मोदी सरकार रामलला की बात करती है. कांग्रेस जब किसानों की बात करती है, तो मोदी मंगलसूत्र की बात करते हैं. गत पांच वर्षों से वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा मिलने वाली रियायत मोदी सरकार ने रोक लगा रखा है. मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, सुल्तान अहमद, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, मदन महतो, शमशेर आलम, वैभव सिन्हा आदि उपस्थित थे. वहीं दूसरी ओर कुसुंडा क्षेत्र के गोधर कोलियरी परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान मिथिलेश सिंह ने कहा : चुनाव के बाद प्रबंधन के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेगा. वहीं दूसरी ओर गुरुवार को सीपीआइएम की धनबाद लोकल कमेटी की विस्तारित बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी कार्यकर्ता अनुपमा सिंह के पक्ष में अभियान चलायेंगे. वहीं दूसरी ओर बोकारो विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया. श्रीमती सिंह ने कहा कि कांग्रेस महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देगी. देश में इंडी महागठबंधन की सरकार बनने के बाद महिलाओं के लिए केंद्र सरकार 50 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित करने वाली है. दूसरी ओर बेरमो विधायक अनूप सिंह ने भाजपा को घोषणावीर बताते हुए कहा कि भाजपा ने देश को ठगने का काम किया है.




### मैं आपकी बेटी, बहन और बहू हूं हमेशा प्रणाम करूंगी

अपने जनसंपर्क के दौरान श्रीमती अनुपमा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जात-पात की नहीं, बल्कि जमात की राजनीति करती है. उन्होंने कहा कि मैं बोकारो और धनबाद जिले की बेटी, बहन और बहू हूं, हमेशा आपका सम्मान रखूंगी. उन्होंने लोगों से अपील की कि एक बार उनको मौका देकर देखें कि कैसे बोकारो और धनबाद जिले का विकास होगा. अपने व्यवसायी भाइयों के साथ हमेशा खड़ी रहूंगी. किसानों की समस्या दूर होगी. उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट देकर दहशत में जीने से बेहतर है कि आप कांग्रेस को साथ दें, एक मौका मुझे दें, दोनों ही जिले में दहशत नहीं, सकून महसूस करेंगे सभी लोग. विकास की बातें होंगी, अपराध की नहीं.

### मेरी प्राथमिकताएं

- धनबाद से दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और अन्य महानगरों के लिए सीधी रेल सेवाएं
- एयरपोर्ट एवं सुव्यवस्थित सड़क सुविधा।
- स्वच्छ जल घर-घर पहुँचाना।
- 24 घंटे बिजली आपूर्ति
- बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें
- प्रदुषण मुक्त धनबाद
- युवाओं के लिए रोजगार
- महिलाओं को सशक्त और समृद्ध बनाना।
- आधारभूत संरचना एवं काया कल्प को नवीनतम और सुदृढ़ बनाना जिससे विकास हो सके।
- दिल में है बस एक सपना, पलायन मुक्त हो क्षेत्र अपना
- बच्चों और युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था
- सहारा इण्डिया के निवेशकों के पैसो वापस कराना

### कांग्रेस का घोषणा पत्र

- 30 लाख सरकारी नौकरी
- अग्निवीर स्कीम खत्म होगा
- किसानों का कर्ज माफ होगा
- किसानों को MSP की कानूनी गारंटी
- 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा
- महिलाओं को हर महीने ₹8,500
- सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50% आरक्षण
- 10 किलो अनाज हर महीना
- नारी न्याय अधिकार मैत्री











### बुजुर्गों की सुविधाएं लौटायेंगे : अनुप सिंह

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह (अनूप सिंह) ने कहा कि भाजपा ने केवल लोगों को ठगने का काम किया. उनसे बुजुर्गों तक को नहीं छोड़ा. कोरोना के नाम पर ट्रेन में मिलने वाली सुविधाएं भी छीन लीं. ट्रेन का टिकट महंगा हो गया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो हर हाल में सभी सुविधायें बहाल की जायेंगी. मजदूरों और नवजवानों के लिए काम होगा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट देकर यहां बेहतर माहौल बनाने में सहयोग करें.

**अनुपमा सिंह की अपील : 25 मई को मतदान करना ना भूलें, अपने बूथ पर जायें और क्रम सं. 1 हाथ छाप पर वोट कर कांग्रेस को समर्थन दें**

# वोट का अपमान कर खुद अपमानित हुए हैं जयंत सिन्हा

## ■ 10 वर्ष के छोटे से राजनीतिक करियर में अक्सर विवादों में घिरते रहे जयंत

**आजाद सिपाही विशेष**

हजारीबाग के निवर्तमान सांसद और भाजपा के सबसे शिक्षित नेताओं में से एक जयंत सिन्हा एक बार फिर विवादों में घिर गये हैं। उन्होंने 20 मई को संपन्न चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं किया और इस तरह लोकतांत्रिक देश एक वोट से वंचित रह गया। जयंत सिन्हा का वोट नहीं देना वास्तव में उनके द्वारा भारतीय लोकतंत्र की पीठ में छुरा घोंपने के समान है। इतना ही नहीं, उन्होंने उस भाजपा का भी अपमान किया, जिसने उन्हें फर्श से उठा कर अर्श पर बैठाया, 10 साल तक लोकसभा में हजारीबाग के 20 लाख मतदाताओं की नुमाइंदगी का मौका दिया और दो मंत्रालयों में काम करने की प्रतिष्ठा दी। उन्होंने हजारीबाग में रहते हुए वोट नहीं डाला और इसका कारण पार्टी के प्रति उनकी नाराजगी बतायी जा रही है, क्योंकि इस बार उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया। जयंत सिन्हा को पार्टी ने कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा है, लेकिन वोट नहीं देने का उनका फैसला राजनीति से अधिक नैतिक है। जयंत सिन्हा ने उस वोट के महत्व को नकारा है, जिसकी ताकत से वह 10 साल तक देश की सबसे बड़ी पंचायत के सदस्य बने रहे और अब जीवन भर पेंशन लेंगे। जयंत सिन्हा ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने अपने छोटे से राजनीतिक करियर में कई मुकाम भी हासिल किये और कई विवादों में घिरे। अपने पिता और दिग्गज राजनीतिज्ञ यशवंत सिन्हा से अलग हट कर उन्होंने अपने किस्म की राजनीति की, लेकिन उन पर 'खास' होने का ठप्पा हमेशा लगा रहा। इस बार वोट नहीं देने के कारण विवाद में फंसे जयंत सिन्हा के इस फैसले के कारण और पड़नेवाले संभावित असर का आकलन कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

हजारीबाग के निवर्तमान सांसद और भाजपा के सबसे पढ़े-लिखे नेताओं में शुमार जयंत सिन्हा एक बार फिर चर्चा में हैं। इस लोकसभा चुनाव में पहले ही भारतीय जनता पार्टी उनका टिकट काट चुकी है, अब उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। जयंत सिन्हा को संगठनात्मक कार्यों और प्रचार में रुचि नहीं लेने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जब से पार्टी ने मनीष जयसवाल को हजारीबाग से अपना लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया , तभी से वह पार्टी कार्यों से दूर हो गये। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा ने पांचवें चरण के मतदान के दौरान सोमवार को हजारीबाग में अपना वोट भी नहीं डाला। उनके इस आचरण से न केवल पार्टी की छवि खराब हुई, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति उनका अविश्वास और निरादर भी सामने आया। मार्च में जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा व्यक्त की थी और भाजपा नेतृत्व से उन्हें चुनावी राजनीति से मुक्त करने का अनुरोध किया था। जयंत सिन्हा और उनके पिता यशवंत सिन्हा ने 1998 से 26 वर्षों से अधिक समय तक हजारीबाग संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है।

### पार्टी से नाराज हैं जयंत सिन्हा

जयंत सिन्हा ने वोट नहीं देने का फैसला क्यों किया, यह तो वही बता सकते हैं, लेकिन राजनीतिक हलकों में यह चर्चा आम है कि टिकट नहीं मिलने के कारण वह नाराज हैं। इसलिए उन्होंने प्रत्याशी घोषित होने से लेकर अब तक पार्टी की किसी भी गतिविधि में हिस्सा नहीं लिया। यही नहीं, जब उनका बेटा इंडी गठबंधन की रैली में शामिल होकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में उतर गया, तब भी उन्होंने अपनी जुबान नहीं खोली। इससे भाजपा को गहरा धक्का लगा। झारखंड में लोकसभा चुनाव में जयंत सिन्हा प्रचार से भी दूर रहे। इससे कई तरह की अटकलें लगायी जाने लगीं, जबकि जयंत सिन्हा के पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने खुल कर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का विरोध किया। यशवंत सिन्हा वाजपेयी सरकार में वित्त मंत्री रह चुके हैं।



### जयंत सिन्हा ने लोकतंत्र को धोखा दिया है

जयंत सिन्हा की इस निष्क्रियता और पार्टी के प्रति उपेक्षात्मक दृष्टिकोण की लोग निंदा कर रहे हैं। उनके वोट नहीं देने को लोकतंत्र का धोखा बता रहे हैं। हजारीबाग ही नहीं, पूरे झारखंड में लोग कह रहे हैं कि जिस पार्टी ने जयंत सिन्हा को बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि और पहचान के हजारीबाग से दो-दो बार टिकट देकर सांसद बनाया, उसके साथ ऐसा व्यवहार अनैतिक की श्रेणी में ही आता है। जयंत सिन्हा का पार्टी के प्रति यह व्यवहार यह भी साबित करता है कि वह बहुत बड़े अवसरवादी हैं और पार्टी की नीतियों-सिद्धांतों के प्रति उनके मन में कोई सम्मान नहीं है। जयंत सिन्हा की निंदा के क्रम में लोग बाबूलाल मरांडी का उदाहरण दे रहे हैं, जिन्होंने पार्टी के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया है। लोगों ने कहा कि जयंत सिन्हा का मतदान नहीं करना पार्टी की छवि को खराब कर रहा है। वह सांसद रह चुके हैं। उन्हें कम से कम मतदान में सक्रिय होना चाहिए था। इस तरह का कदम उचित नहीं है। इसका नकारात्मक संदेश जाता है।

### इसलिए जयंत सिन्हा को नहीं मिला टिकट

यहां एक सवाल उठना स्वाभाविक है कि जयंत सिन्हा को टिकट नहीं दिये जाने का फैसला भाजपा ने क्यों लिया। दरअसल, जयंत सिन्हा के बारे में भाजपा की आंतरिक रिपोर्ट बहुत अनुकूल नहीं थी। पिछले 10 साल में जयंत सिन्हा द्वारा किये गये काम से स्थानीय नेता और कार्यकर्ता संतुष्ट नहीं थे। उनकी सबसे बड़ी शिकायत यह थी कि जयंत सिन्हा कभी आम लोगों से नहीं मिलते हैं। यहां तक कि पार्टी के छोटे कार्यकर्ता भी उन तक पहुंच नहीं पाते हैं। भाजपाइयों के अलावा आम लोगों की भी शिकायत थी कि जयंत सिन्हा 'खास' हो गये हैं और कुछ लोगों से घिरे होते हैं।

### विवादों में भी रहे जयंत सिन्हा

नवंबर 2017 में पैराडाइज पेपर्स में जयंत सिन्हा का नाम आया था। पैराडाइज पेपर्स ने उन फर्मों का खुलासा किया, जो अमीर लोगों को कर चोरी करने में मदद करती है। हालांकि जयंत इन आरोपों से इनकार करते रहे। इंफोसिस ने 2016 में उनकी पत्नी पुनीता कुमार सिन्हा को बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया था, जिस पर काफी विवाद हुआ था। कोरोना के दौरान आम लोगों से दूर रहने और उन्हें छूने तक से परहेज करने का आरोप भी जयंत सिन्हा पर लगा। इसके अलावा हजारीबाग के भाजपा कार्यालय अटल भवन को अपने नाम करा लेने का आरोप भी जयंत सिन्हा के समर्थकों पर लगा था। भाजपा के भीतर भी जयंत सिन्हा कभी खुद को फिट नहीं कर सके। पार्टी के कार्यक्रमों से अलग रहने और केवल खास अवसरों पर ही मौजूद रहने के कारण उनकी लोकप्रियता का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा था।

### जयंत सिन्हा का राजनीतिक करियर

जयंत सिन्हा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनके परिवार का भाजपा से पुराना रिश्ता है। उनके पिता यशवंत सिन्हा भी भाजपा के दिग्गज नेता रहे हैं। यशवंत सिन्हा 1999 से 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में विदेश मंत्री और वित्त मंत्री रहे थे। हालांकि साल 2013 में नरेंद्र मोदी को पीएम चेहरा घोषित करने पर वह भाजपा के बागी हो गये थे। पिता के बागी होने के बावजूद जयंत सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ नहीं छोड़ा। मोदी सरकार में उन्हें केंद्र में वित्त और नागरिक उड्डयन मंत्रालयों में राज्यमंत्री के तौर पर काम करने का मौका मिला था। वित्त राज्यमंत्री रहते जयंत सिन्हा ने कई सुधारों पर काम किया। पीएम मुद्रा योजना, सामाजिक सुरक्षा प्लेटफॉर्म जैसे सार्वजनिक उपक्रमों को चलाने में मदद की।

# मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की धनबाद में जनसभा आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 मई को धनबाद में करेंगे जनसभा, गोड्डा में रोड शो और रांची में युवा सम्मेलन में लेंगे हिस्सा। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 मई को दोपहर 12:00 बजे से धनबाद के झरिया के डिगवाडीह स्थित मानस मंदिर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री चौहान दोपहर 2 बजे से गोड्डा जिले के मोहनपुर चौक से बसुआ चौक (भाया- थाना गेट, केचुवा चौक, दुर्गा मंदिर) तक आयोजित रोड सभा में हिस्सा लेंगे। श्री चौहान रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में शाम 5:00 बजे से आयोजित युवा सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रत्याशी संजय सेठ, रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू भी मौजूद रहेंगे।

# सांसद तेजस्वी सूर्या आज रांची में बाइक जुलूस में शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या 22 मई को रांची में मोटरसाइकिल जुलूस में शामिल होंगे और जमशेदपुर में जनसभा करेंगे। रांची में मोटरसाइकिल जुलूस सुबह 11:00 बजे से बिरसा चौक से शुरू होगा। इन अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक भानु प्रताप शाही, लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे।

इसके बाद श्री सूर्या जमशेदपुर में दोपहर 1:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉक्टर प्रदीप वर्मा, लोकसभा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पश्चिम सिंहभूम जिला अध्यक्ष संजू पांडेय भी उपस्थित रहेंगे। श्री सूर्या शाम 4 बजे से रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन हॉल में आयोजित युवा सम्मेलन सभा में भी हिस्सा लेंगे।

# हेमंत की जमानत पर आज फिर सुप्रीम सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। लैंड स्कैम के आरोप में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन कोर्ट ने फैसला नहीं सुनाया। अब दोबारा कल फिर से सुनवाई होगी। मंगलवार को करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक चली सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई के लिए बुधवार यानी 22 मई की तारीख मुकर्रर की है। बहस के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अंतरिम जमानत दिये जाने के पक्ष में कई दलीलें पेश की, जिसका इडी के अधिवक्ता ने पुरजोर विरोध किया। कपिल सिब्बल ने कहा कि जिस जमीन पर कब्जा करने के आरोप में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया है, वह जमीन हेमंत सोरेन के नाम से है ही नहीं। वहां बिजली का मीटर तक दूसरे के नाम से है, फिर किस आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। हेमंत सोरेन की एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच में सुनवाई हुई। दरअसल हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हेमंत सोरेन ने शीर्ष अदालत में एसएलपी दाखिल कर झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दी थी।

# झारखंड परिवार के सुख-दुख में सदैव मजबूती से खड़ी रहूंगी : कल्पना सोरेन

कल्पना सोरेन ने राज्यवासियों को लिखा भावुक पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन के बाद राजनीति में ऐसा क्या था, जिसने कल्पना मुर्मू सोरेन को सियासी समर के लिए बाध्य किया। इस बाबत उन्होंने राज्यवासियों के नाम भावुक पत्र लिखा है। इस पत्र को उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है। कल्पना ने लिखा है, राजनीति, दल, सरकार सब आप की (हेमंत सोरेन) की ज़िम्मेदारी रही। मैं घर, बच्चे, आदरणीय बाबा, मां और परिवार के देखभाल में खुश थी। ना मुझे कभी राजनीति में आने को शौक था, ना ही मैंने कभी सोचा था कि मुझे यह करना है। पर तानाशाहों ने 31 जनवरी को हमारी ज़िंदगी बदल दी। आपके साथ ही मेरी आत्मा को भी चहारदीवारी में कैद कर लिया।



**किसे मानती हैं अपनी ताकत :** कल्पना ने पत्र में आगे लिखा, हेमंत सोरेन ने हमेशा झारखंड के लोगों को अपनी सबसे बड़ी ताकत माना। अपनी सबसे बड़ी जिम्मेवारी माना। इस जिम्मेवारी को निभाने के क्रम में हमने उनको एक ओर गरीब-मजलूमों को झुककर गले लगाते देखा, तो दूसरी ओर तानाशाह के सामने सीना ताने खड़े भी देखा। इस बात का गवाह झारखंड का एक-एक नागरिक है। चहारदीवारी से बाहर निकल, हेमंत के झारखंड परिवार से रू-ब-रू होने के बाद ही मैं उनके जुनून के पीछे की शक्ति एवं संकल्प को सही से समझ पायी। तानाशाही-सामंती ताकतों के सामने खड़े आप (हेमंत सोरेन) सच्चे अर्थों में झारखंड के स्वभाव को प्रतिबिंबित करते हैं। एक ओर जहां वे झारखंड के करोड़ों लोगों की हिम्मत हैं वहीं मैं समझती हूं कि उनकी हिम्मत झारखंड के लोग ही हैं।

### तानाशाही ताकतों को दी चेतावनी

कल्पना ने लिखा है, जैसा स्नेह और आशीर्वाद अब तक मुझे राज्य के कोने-कोने में मिला है, वह हेमंत के प्रति लोगों के प्यार के कारण ही हो सका है। मेरे साथ-साथ, झारखंड के लोगों ने ठाना है कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सभी सीटों पर बड़ी जीत दर्ज कर सकें। जिससे कि भविष्य में कोई तानाशाह षड्यंत्र रचने के पहले हजार बार सोचे। मेरे साथ-साथ, हेमंत के करोड़ों समर्थक, उनका इंतजार कर रहे हैं। आज जब जनता से मुझे एक नयी पारी की शुरुआत का आशीर्वाद मिल रहा है तो आपकी (हेमंत सोरेन) की कमी सबसे ज्यादा खल रही है। एक नयी पारी के रूप में शुरुआत पर मैं इतना ही कह सकती हूं कि मैं उनके संघर्ष और अपने झारखंड परिवार के सुख-दुख में सदैव मजबूती से खड़ी रहूंगी। झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं।

## कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने भाजपा पर कसा तंज

# भाजपा रामवादी नहीं, रावणवादी पार्टी, चंदा दो और धंधा लो का है कारोबार : कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने मंगलवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में भाजपा को निशाने पर लिया। कहा कि चुनाव आते ही भाजपा में धर्म को धंधा बनाने का सब प्रबंध हो जाता है। सत्ता की खुरचन चाटने के लिए भाजपा में कई नेवलों के भी सांपों से संबंध अच्छे हो जाते हैं। भाजपा रामवादी नहीं, रावणवादी है। कृष्णवादी नहीं, कंसवादी है। अब तक जो चुनाव हुए हैं, उसमें भाजपा कहीं नहीं है। भाजपा वालों भागो। जनता पीटेगी, अब कांग्रेस ही जीतेगी। साधना ने आरोप लगाते कहा कि भाजपा के ठगबंधन में शामिल संजय निषाद ने कहा था कि भगवान राम दशरथ के पुत्र नहीं हैं।



संजय- निषाद ने तो माता कौशल्या के अस्तित्व पर ही संदेह जताया था। फिर भी भाजपा ने उसे योगी मंत्रिमंडल का सदस्य बनाया। आज तक उसे मंत्री पद से नहीं हटाया। भाजपा के नेता नरेश अग्रवाल ने राज्यसभा में भगवान राम की तुलना काम से और माता सीता की तुलना शराब से की, फिर भी भाजपा ने नरेश अग्रवाल को राज्यसभा पहुंचाया। उनके पुत्र को योगी मंत्रिमंडल में शामिल कराया। भाजपा न रामवादी है, न कृष्ण वादी है, न धर्मवादी है। भाजपा केवल नोट वादी है। भाजपा का केवल एक ही काम है- चंदा दो और धंधा लो। राम-राम जपना पराया माल अपना। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, कमल ठाकुर, आभा सिन्हा नीतू देवी, आप पार्टी के सौरभ श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

## भाजपा ने इंडी गठबंधन पर बोला बड़ा हमला

# संविधान का अपमान करनेवाले बचाने की बात कर रहे: प्रतुल

- कैबिनेट से पारित अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से फाड़ने वाले राहुल गांधी अब संविधान बचाने का नाटक कर रहे हैं
- 2013-14 में कांग्रेस की यूपीए सरकार के आउटकम बजट में स्पष्ट रूप से 15% राशि अल्पसंख्यकों के लिए खर्च करने का उल्लेख था
- कांग्रेस अपने सहयोगी सीपीएम के धारा 370, सीएए, पीएमएलए और परमाणु हथियारों को खत्म करने के एलान के मुद्दे पर खामोश क्यों?

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए इंडी बंधन पर हमला बोला प्रतुल ने कहा कि इंडी के लोग संविधान बचाने की बात कह कर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। दरअसल संविधान का सर्वाधिक बार अपमान इसी इंडी गठबंधन के लोगों ने किया है।

प्रतुल ने कहा कि संविधान का पहला संशोधन 1951 में जवाहरलाल नेहरू ने किया था, जब वह अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री थे। अभिव्यक्ति की आजादी पर कई पाबंदियां लगायी थी। प्रतुल ने कहा कि 1975 में जब राजनारायण मामले में इंदिरा गांधी मुकदमा हार गयीं, तो उन्होंने पूरे संविधान को ही सस्पेंड करते हुए देश में आपातकाल लगा दिया। लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिये गये। नसबंदी की जाने लगी। 1976 में 42वें संशोधन के जरिए इंदिरा गांधी ने संविधान का सबसे बड़ा परिवर्तन किया थ, जिसमें 20% संविधान को बदल दिया गया। राज्य सरकार, सुप्रीम कोर्ट, हाइकोर्ट की शक्तियों को कम कर-के पीएमओ में दे दिया। प्रतुल ने कहा कि उसके बाद राजीव गांधी ने 1986 में शाहबानो मामले में सिर्फ मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलते हुए संविधान की मूल भावना के विपरीत जाकर अदालत के निर्णय को पलटवा दिया। इसके अतिरिक्त



संविधान में प्रेस की आजादी वर्णित है, लेकिन राजीव गांधी ने 1988 में मानहानि विधेयक लाकर प्रेस पर अंकुश लगाने का प्रयास किया था। प्रतुल ने कहा कि संविधान की कोख से जन्मी संसद की कैबिनेट से पास अध्यादेश को शहजादे राहुल गांधी ने 2013 में सार्वजनिक रूप से फाड़ कर देश के संविधान का अपमान किया था। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगियों को देश के संविधान पर भरोसा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके उलट मोदी सरकार का मूल मंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक का अर्थ सिर्फ मुस्लिम होता है, क्योंकि अगर जैन, बौद्ध, पारसी और क्रिश्चियन भी उनके अल्पसंख्यक की सूची में आते तो यह सीएए का विरोध नहीं करते। आज की प्रेस वार्ता में तारीक इमरान भी उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

22 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 211




### दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी सरकार पर निशाना साधा

# कल्पना झांसी की रानी, मोदी को दे रहीं चुनौती: केजरीवाल

● हेमंत सोरेन आदिवासी समाज के सबसे बड़े नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि भाई हेमंत सोरेन जेल में हैं। झारखंड का बच्चा-बच्चा हेमंत सोरेन से प्यार करता है। इस वक्त आपके दिल पर क्या गुजर रही होगी कि आपका अपना भाई जेल में है। उन्हें राजनीतिक षड्यंत्र के तहत जेल में डाल दिया गया। कल्पना झांसी की रानी बन कर मोदी जी को चुनौती दे रही हैं। बीजेपी ने सोचा कि केजरीवाल को जेल में डाल दो। हेमंत को गिरफ्तार कर सरकार गिरा देंगे। सब उल्टा हो गया। भगवान सब देख रहा है। दिल्ली में पार्टी बिखरी नहीं, बल्कि सब एक हो गये हैं। सांसद, विधायक, पार्षद और पदाधिकारी सब एक हो गये हैं। ऐसे ही झारखंड में हुआ। पूरे झारखंड में ऊर्जा है। पिछली बार दो सीट आयी थी, लेकिन इस बार 14 सीटें जीतेंगे। केजरीवाल मंगलवार को जमशेदपुर में चुनावीसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इंडी गठबंधन की ओर से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में वोट देने की अपील की।

**मेरा जमशेदपुर से पुराना नाता:** केजरीवाल ने कहा मैं यहां हेमंत सोरेन के समर्थन में आया हूं। आज से 35 साल पहले जमशेदपुर में टाटा स्टील में नौकरी करता था। 1989 से 1992 तक नौकरी की। साकची से मेरा नाता है, लेकिन मोदी जी वाला नहीं। मैं जेल से सीधा आपके बीच आया। मैं एक दिन अपने जेल के सेल में बैठा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने मोहलत दी कि चुनाव प्रचार करो। पीएम ने पूरी ताकत लगायी कि बेल ने मिले, लेकिन हनुमान जी के आशीर्वाद से बेल मिली।

**हेमंत आदिवासी समाज के सबसे बड़े नेता:** केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के 2.5 करोड़ लोग हेमंत सोरेन के आभारी हैं। ऑक्सीजन की कमी थी। मैंने हेमंत को कॉल किया, तो तुरंत ऑक्सीजन मिली। दिल्ली की तरफ से लोग कहते हैं। वी ऑल लव यू। उन्होंने हेमंत सोरेन को जेल में डाला। जेल में कोई तब जाता है, जब कोर्ट जेल भेजती है। दोषी मानती है। हेमंत सोरेन के खिलाफ ऐसा कोई आदेश नहीं है। फिर भी जेल में डाल दिया। मोदी जी ये गुंडागर्दी है। मुझे किसी ने दोषी नहीं कहा, लेकिन जेल में डाल दिया। हेमंत सोरेन देश के आदिवासी समाज के सबसे बड़े नेता हैं। गुजरात, एमपी और छत्तीसगढ़ में लोग मानते हैं। एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हैं। 25 मई को वोट देना। अगर बीजेपी एक भी सीट जीती तो विडंबना है। हेमंत सोरेन जेल में रहेंगे या बाहर रहेंगे ये आप पर निर्भर करता है। इंडी को वोट दिया, तो हेमंत सोरेन बाहर आयेंगे। सबको कहना कि कमल का बटन नहीं दबाना। 5 जून को हेमंत सोरेन आपके बीच में होंगे।

**चंपाई, कल्पना समेत अन्य नेता हुए शामिल:** जनसभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, मंत्री हफीजुल अंसारी और बन्ना गुप्ता, इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार समेत अन्य शामिल हुए।



## बटन दबाओ तो आवाज मोदी के कानों तक गूंजे


दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुजी झारखंड बनाने के लिए जेल गये। लाठी खायी। ये देखने के लिए नहीं कि झारखंड में उनके बेटे को जेल में डाल दो। गुरुजी की तबीयत खराब है, लेकिन मोदी में इतनी दया नहीं कि बीमार पिता को बेटे का सहारा मिल सके। आदिवासी समाज में गुस्सा है। आपने चूड़ियां तो नहीं पहनीं। मोदीजी ने आदिवासी समाज को चुनौती दी। बटन दबाओ तो आवाज मोदी जी के कानों में गूंजनी चाहिए। राम मंदिर बना। हमें खुशी हुई। उसका उद्घाटन किसे करना था। राष्ट्रपति को करना था। पीएम गये उसमें आपत्ति नहीं है। राष्ट्रपति आदिवासी हैं, इसलिए उनको नहीं बुलाया। आदिवासी का अपमान किया। उन्हें इतना घमंड है कि तानाशाही करते हैं। कल संबित पात्रा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ मोदी जी के भक्त हैं। मोदी क्या भगवान से ऊपर हैं? इस अहंकार का खात्मा होना चाहिए। नारा लगाते हैं कि जो राम को लाये हैं हम उनको लाये हैं। आप कैसे उन्हें ला सकते हैं। उनका अहंकार चूर करना होगा।

## यह चुनाव भाजपा बनाम जनता के बीच है: कल्पना



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि यह चुनावी सभा है। एक से एक क्रांतिकारी शामिल हैं। केंद्र ने साजिश की, लेकिन केजरीवाल जनता के बीच हैं। चुनाव से पहले भाजपा ने षड्यंत्र किया, ताकि हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार न कर सकें। कल्पना ने कहा कि चार साल पहले आपके जनादेश से गठबंधन की सरकार बनी। तभी कोरोना आ गया। हेमंत सोरेन मजदूरों को वापस लाये। बस, ट्रेन और हवाई जहाज से घर लाये। उन्होंने झारखंड में कल्याणकारी योजनाओं की गंगा बहायी। सबके लिए काम किया। चार साल में जम कर काम हुआ। यह चुनाव भाजपा बनाम जनता के बीच है। जनता इंडी गठबंधन के साथ खड़ी है। भाजपा वाले संविधान बदलने की बात करते हैं। उनके मन में शोषित, वंचित और गरीब नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण राजभवन में रोक दिया गया। सरना धर्म कोड पर मुंह नहीं खोलते। आदिवासियों की मांग नहीं उठाते। झारखंड के मुद्दों पर बात नहीं करते। समीर मोहंती के पक्ष में 25 मई को वोटिंग कीजिए। जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा। जनता ही उस जेल की चाबी है। भाजपा डरती है कि हेमंत सोरेन आये तो क्या होगा। आइएनडीआइए गठबंधन दिल्ली आ रहा है। दलितों, वंचितों, अल्पसंख्यकों, गरीबों और आदिवासियों की बात होगी। श्रमिक, किसान, महिलाएं मजबूत स्तंभ हैं। हक, अधिकार की रक्षा के लिए गठबंधन का हाथ मजबूत करना होगा। उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में वोट करने की अपील की।

## भाजपा को उखाड़ फेंकेगी जनता : चंपाई



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा गठबंधन दल को यहां की जनता उखाड़ फेंकेगी। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष के सारे नेताओं को जेल भेज रही है, क्योंकि वह डरी हुई है। सत्ता के नशे में चूर प्रधानमंत्री मोदी तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। इसका जवाब झारखंड की जनता जरूर देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने जिस तरह से काम किया है, उससे डर कर ही भाजपा ने हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि आज यहां जितने उद्योग हैं और जितना जीएसटी और सभी राजस्व केंद्र सरकार को मिल रहा है, उसका एक परसेंट भी खर्च झारखंड पर केंद्र की सरकार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विकास की गंगा बह रही है। आदिवासियों का कल्याण हो रहा है। इससे भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार घबरा गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आदिवासी समुदाय और पूरी जनता को बदला लेने का समय आया है। लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के तीर कमान छाप पर वोट डाल कर 25 मई को समीर मोहंती को जितायें।

# जनता की आंखों में धूल झोंक कर राजनीति ना करे कांग्रेस और झामुमो : राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने बोकारो में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि झारखंड में अकूत खनिज संपदा है। झामुमो के आने के बाद झारखंड भ्रष्टाचार में डूब गया। यहां बड़ी संख्या में आदिवासी रहते हैं। बड़ी संख्या में दलित रहते हैं। यहां पर बाबूलाल मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री रह चुके हैं। रघुवर दास मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन हमारे देश और झारखंड का कोई व्यक्ति नहीं कह सकता कि हमारे तीनों मुख्यमंत्री के दामन पर कोई दाग लगा। झारखंड में गठबंधन की सरकार बनते ही भ्रष्टाचार होने लगा। क्या यहां के भ्रष्ट लोग शासन संभालेंगे? रक्षा मंत्री मंगलवार को बोकारो में धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ ने कहा कि ढुल्लू महतो को बोलते हुए मैंने पहली बार सुना है। उनको सुनने के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर आपने ढुल्लू महतो को जिताया तो वह प्रमुखता से आपकी आवाज संसद के सामने रखेंगे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को जीताने की अपील की।

रक्षा मंत्री ने कहा कि ये कहते हैं मोदी जी आ गये तो आरक्षण खत्म कर देंगे। किसी भी सूरत में भाजपा ऐसा नहीं करेगी। देश की जनता को ये धर्म के आधार पर आरक्षण देकर गुमराह करना चाहते हैं। हम भेदभाव करने वाली पार्टी नहीं हैं। हम जनता की आंखों में धूल नहीं झोंकते हैं। हम आंखों में आंखें डाल कर राजनीति करते हैं। मैं झामुमो और कांग्रेस वालों से कहना चाहता हूं कि वास्तव में कलेजे में दम है तो जनता की आंखों में धूल झोंक कर राजनीति नहीं करो। जनता की आंखों में आंख डाल कर राजनीति करो।

**हमारा व्यक्ति भी भ्रष्टाचार करेगा, तो जेल में होगा:** राजनाथ ने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री तो छोड़िए उनके मंत्रियों के पीएस के पास से नोटों की गड्डियां मिल रही हैं। बिना मुख्यमंत्री की सह के यह किसी भी सूरत में सफल नहीं हो सकता। आज उनको गिरफ्तार कर लिया तो कहते हैं कि भाजपा अपने सारे विरोधियों को प्रताड़ित कर रही है। बहनों-भाइयों मैं आपको एक चीज कहना चाहता हूं, जहां पर मोदी के नेतृत्व की सरकार में अगर हमारा कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा जायेगा तो उसका स्थान उसका घर नहीं, जेल होगा। ये झामुमो-कांग्रेस वाले भ्रष्टाचार करने के बाद भी हमारी सरकार के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। पहले मैं भी उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री रह चुका हूं। पहली बार मैंने सुना किसी राज्य का मुख्यमंत्री 24 घंटे के लिए गायब था। ना झारखंड वालों को पता था, ना किसी एजेंसी को पता था। सवाल था कि झारखंड का मुख्यमंत्री कहां है। कहते हैं इडी और सीबीआइ का दुरुपयोग मोदी की सरकार कर रही है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए कि नहीं होना चाहिए।

**मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया:** राजनाथ ने कहा कि हमारी विश्वसनीयता पर कौन प्रश्नचिह्न लगा सकता है। हमने बहुमत मिलने पर 370 हटा दिया। हमने कहा था कि राम मंदिर बन कर रहेगा। जब इनकी सरकार केंद्र में थी तो कहते थे रामलला आयेंगे ,लेकिन ये कांग्रेस वाले दिन तारीख नहीं बताते थे। आज मोदी ने राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। राम लला अपने महल में पहुंच चुके हैं। भारत में रामराज्य का आगाज होकर रहेगा। लोग कहते हैं कि रामराज्य कैसे आ जायेगा। तो मैं कहता हूं जिस दिन लोगों को अपने दायित्व का अहसास हो जायेगा, उस दिन रामराज्य आ जायेगा। दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। पहले की अपेक्षा भारत धनवान हो रहा है। इंदिरा गांधी कहती थीं कि हमारी सरकार बनाओ हम गरीबी दूर कर देंगे। आज आंकड़े उठा कर देख लीजिए, कितनी गरीबी दूर हुई। हमारे पीएम ने 9 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। कोरोना काल में हमारे पीएम ने कहा था कि हर परिवार को पांच किलो राशन मिलेगा और आज मिल रहा है। कमाल किया है इस सरकार ने। आयुष्मान कार्ड मिला है। 70 साल के ऊपर के किसी जाति, धर्म के हों। 4 जून के बाद 70 साल के ऊपर के किसी भी जाति के होंगे सबका मुफ्त इलाज किया जायेगा। हम जो कहते हैं वह करते हैं। विश्वसनीयता का संकट हम नहीं आने देंगे। हम ताकतवर बन गये हैं। भारत किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन जो भारत को छेड़ेगा, उसको भारत छोड़ेगा नहीं। आज तक किसी पर हमने आक्रमण नहीं किया है। पीओके हमारे पास आकर रहेगा। 370 हटने के बाद विकास तेजी से हो रहा है।



## विदेशों में भारत की बनी पहचान

राजनाथ ने कहा कि अब विदेशों में भारत की पहचान बनी है। पहले भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। अब सारी दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है। भारत का कद सारी दुनिया में ऊंचा हुआ है। हमें सम्मान की नजर से देखा जाता है। रूस और यूक्रेन में युद्ध चल रहा है। बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे थे। यूक्रेन में हमारे भारत के हजारों बच्चे पढ़ रहे थे। उनके माता-पिता ने हम लोगों से बात की। यूक्रेन में रहने वाले बच्चों के माता-पिता पीएम के पास पहुंचे। हमारे पीएम मोदी ने पुतिन से बात की। हमारे पीएम की बात करने के बाद युद्ध चार घंटा रुक गया और हमारे बच्चे वापस आ गये। ये है भारत की ताकत।

## प्रियंका गांधी की रांची और गोड्डा में सभा आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी बुधवार को झारखंड में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रियंका की पहली सभा गोड्डा के मेला मैदान में होगी। इसके बाद वह दोपहर में रांची के हाइटेंशन इंसुलेटर फैक्ट्री नामकुम में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। दोनों जगहों पर प्रदेश कांग्रेस ने प्रियंका की सभा की तैयारी पूरी कर ली है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

## विस्वा सरमा धनबाद और दुमका में आज करेंगे जनसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री डॉक्टर हिमंता विस्वा सरमा 22 मई को धनबाद और दुमका लोकसभा में तीन जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सरमा 11:30 बजे धनबाद लोकसभा के बोकारो जिले के चंदनक्यारी स्थित सिनेमा हॉल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू, प्रत्याशी ढुल्लू महतो भी मौजूद रहेंगे। डॉ सरमा दुमका जिले के शिकारीपाड़ा के रामेश्वर स्थित रघुनाथपुर मैदान में 1.30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राज पलिवार, प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगी।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 70,100 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो



# संजय सेठ ने सिविल कोर्ट में जनसंपर्क अभियान चलाया और समर्थन मांगा

**रांची के सांसद संजय सेठ ने रांची के सिविल कोर्ट, सिंगरी, नामकुम बाजार, हेहल, कोगे, चुटिया, में जनसंपर्क अभियान चलाया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनसंपर्क अभियान के तहत संजय सेठ ने सिविल कोर्ट में जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिवक्ताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए आशीर्वाद मांगा एवं 25 तारीख को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर संसद सेठ ने कहा कि स्टार्टअप के माध्यम से जब मोदी ने रोजगार के अवसर पैदा किया तो यही कांग्रेसी स्टार्टअप का मजाक उड़ाते थे। आज वही कांग्रेसी स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार देने की बात कर रहे हैं। इससे यह साबित होता है कि मोदी के कार्य को कांग्रेस भी गारंटी के रूप में मानती है।

कांग्रेस जल, जंगल, जमीन की बात करती है। यहां के आदिवासी भाई-बहनों के जल, जंगल, जमीन को लूटकर अपना खजाना भरने का काम किया है। आज झारखंड के लोग बेहाल परेशान हैं। बिजली, पानी, आवास, बेरोजगारी से लोग परेशान हैं। बालू को सोना बना दिया।

ओबीसी को झारखंड के सरकार ने ठगने का काम किया सरकार में आने के पूर्व इन्होंने कहा था कि सरकार में आते ही ओबीसी को 27% आरक्षण देंगे। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने यहां के ओबीसी को ठगने का काम किया है। इस दौरान अरविंद कुमार सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, ओमप्रकाश कश्यप, जितेंद्र वर्मा, शिव शंकर साहू, चंद्र प्रकाश, काली साहू, रविंद्र कुमार साहू, मुकेश केसरी, प्रदीप चौरसिया, मनीष कुमार सिंह, रघुवीर महतो, बसंत चंद्रवंशी, नेहा शर्मा, ज्योति कुमारी, ऐश्वर्या सहाय से संजय सेठ ने मुलाकात की।

उधर, सिंगरी में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सेठ ने कहा आजादी के 70 साल तक देश के किसी भी प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा को वह सम्मान नहीं दिया जो नरेंद्र मोदी ने दिया। देश के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जो उनके घर उलिहातू जाकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर जनजाति गौरव दिवस बनाने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया। साथ ही 2024 में पूरे साल जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। यहां के जनजातीय बच्चों के लिए एकलव्य विद्यालय का निर्माण, जहां जनजातीय बच्चों को उच्च शिक्षा मिल सके। ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा शक्ति का प्रतिफल है। आज हर जनजातीय क्षेत्रों में एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे हैं। झारखंड में पलायन सबसे बड़ी समस्या है। झारखंड में रोजगार नहीं रहने के कारण झारखंड के लाखों लोग रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में जाकर रोजगार करते हैं। झारखंड की सरकार ने झारखंड को लूट खंड का चारगाह बना दिया। झारखंड में विकास की गंगा बहाने लिए भाजपा के पक्ष में 25 तारीख को मतदान करें ताकि देश तरक्की की ओर आगे बढ़ सके।

आज के जनसंपर्क अभियान में जैनेंद्र कुमार, सत्यदेव मुंडा, सुनील महतो, अखिलेश सिंह, लखन गोप, नंदलाल राम, फागु रजवार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता में बसते हैं दुर्गा सोरेन : विनोद पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को झामुमो जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। झामुमो के कद्दावर नेता, झारखंड आंदोलनकारी, जामा से विधायक रहे स्व. दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर नामकुम के लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन चौक में उनकी आदमकद प्रतिमा पर मुख्य अतिथि और पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता एवं झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि 21 मई को दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि है। पूरे झारखंड में उन्हें याद किया जा रहा है। झामुमो के तमाम कार्यकर्ताओं में दुर्गा सोरेन जी बसते हैं। हम सभी कार्यकर्ता उनके दिखाये हुए रास्ते पर ही चल कर झारखंड के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच पा रहे हैं। उनकी कीर्ति को झारखंड युगों-युगों तक याद करता रहेगा।

मौके पर झामुमो रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, केंद्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, संगठन सचिव आदिल इमाम, रामशरण विश्वकर्मा, मंटू लाला, शांति तिर्की, अनिमा, रमेश साहू, गोपाल पांडेय, साहिल यादव, सुनीता लिंडा, परवेज आलम गुड्डू, विलियम रिचर्ड लकरा, सीमा लकड़ा, किशोर कुजूर, राजा, दिलबर सुरीन आदि शामिल हुए।

# 'विजन फॉर विकसित भारत' पोस्टर का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम द्वारा आयोजित शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता 'विजन फॉर विकसित भारत' के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। शोधपत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा, विधि एवं न्याय, भारतीय ज्ञान परंपरा, ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार, वाणिज्य, अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन, कला, साहित्य एवं संस्कृति तथा कई अन्य विषयों को सम्मिलित किया गया है।

विमोचन के पूर्व एसबीयू के कुलपति प्रो.गोपाल पाठक की अध्यक्षता में प्रतियोगिता के संदर्भ में बैठक हुई। बैठक के दौरान भारतीय शिक्षण मंडल झारखंड प्रांत कार्यकारिणी के संरक्षक मंडल के अध्यक्ष रंजीत कुमार मिश्रा ने प्रतियोगिता के निमित्त कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस दौरान महिला प्रकल्प प्रमुख डॉक्टर सपना त्रिपाठी, युवा आयाम प्रमुख सुबोध कुमार, सह युवा आयाम प्रमुख पवन कुमार, हजारीबाग जिला युवा प्रमुख विशाल प्रताप सिंह एवं अन्य सदस्यों के अलावा विवि के कुलसचिव प्रो. वीके सिंह समेत विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

शोधपत्र लेखन प्रतियोगिता में 40 वर्ष से कम उम्र के स्नातक, स्नातकोत्तर, शोधार्थी एवं अन्य हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 जून एवं शोधपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024 रखी गयी है। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रांत स्तर पर विशेष पुरस्कार दिये जायेंगे। साथ ही प्रांत से चयनित शोधकर्ताओं को 15 से 17 नवंबर तक राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले सम्मेलन में आमंत्रित किया जायेगा। इसमें चयनित शोधकर्ताओं को प्रतिष्ठित संस्थानों में शोध करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

प्रतियोगिता से संबंधित आवश्यक जानकारी www.bsmbharat.or पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु सुबोध कुमार (8789733278), पवन कुमार (9709984749) एवं राहुल कुमार (9040663291) से संपर्क किया जा सकता है।

# रांची सिविल कोर्ट से राहुल गांधी को समन

**रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली के प्रत्याशी राहुल गांधी को रांची सिविल कोर्ट ने समन जारी किया है। रांची के एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने उनके खिलाफ समन जारी किया है। दरअसल राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा ने केस दायर की थी, जिसमें यह आरोप लगाया गया कि मार्च 2018 को राहुल गांधी ने कांग्रेस महाधिवेशन के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की छवि धूमिल की है। राहुल के खिलाफ भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अवमानना का केस रांची और चाइबासा में किया गया था।**

# राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थेः डॉ रामेश्वर उरांव

**राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धांजलि दी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान सेक्टर 2 एचइसी परिसर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया कर्मियों से बात करते हुए डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा आधुनिक भारत का ख्वाब संजोये बदलते परिवेश में जब प्रधानमंत्री बने तो उम्मीदों से भरे भारत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी उन्होंने बखूबी निभायी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में उर्मिला यादव, संजीत यादव, फिरोज रिजवी मुन्ना, कुमुद रंजन, पप्पू सिंह, भागीरथ ठाकुर, एसके झा, डीडी प्रसाद, अरुण कुमार, उमाकांत सिंह, तिलकधारी प्रसाद, सुरेश प्रसाद, गोपाल झा, जगदीश प्रसाद कुशवाहा, पप्पू चक्रवर्ती, रंजीत महतो, प्रेम प्रतीक, लाल जी प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# इरफान पर भाजपा ने दर्ज करायी प्राथमिकी

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा ने जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अरगोड़ा थाना पहुंचकर इरफान के खिलाफ केस दर्ज कराया। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया इरफान अंसारी ने अपने ट्विटर (एक्स) पर पोस्ट किया था की नकली राम भक्तों ने मेरे असली राम को जेल मे बंद कर दिया है। मेरी भाभी सीता मां दुर्गा की अवतार बीजेपी झारखंड को जला कर भस्म कर देंगी। साथ में मैं उनका हनुमान कदम से कदम मिलाकर रावण की लंका को जला कर राख कर दूंगा। सुधीर ने बताया कि इरफान अंसारी के इस प्रकार के बयान से आहत होकर भाजपा कार्यकर्ता महावीर सिंह ने इरफान के खिलाफ केस दर्ज कराया है। महावीर सिंह ने अपने आवेदन में लिखा है कि इस बयान से वे आहत हैं और इससे भारत देश के सनातन धर्म को मानने वालों को घोर आघात पहुंचा है। प्रतिनिधिमंडल में वकील रविंद्र साहू, सुबोध कांत शामिल थे।

# नौजवानों को हुनरमंद बनाना आज की जरूरतः धर्मेंद्र तिवारी



रांची (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा सीट से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के उम्मीदवार धर्मेंद्र तिवारी ने मंगलवार को कहा कि अगर रांची की जनता ने उनपर भरोसा जताया तो वह नौजवानों को हुनरमंद बनाने का काम करेंगे। यहां कई क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान श्री तिवारी ने कहा कि नौजवानों को सशक्त बनाने की जरूरत है। चाहे लड़कियां हों या फिर लड़के, इन सभी को हुनरमंद बनाना बेहद जरूरी है। ये जब तक हुनरमंद नहीं होंगे, देश सुखी नहीं हो सकेगा। देश को बेहतरीन अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नौजवानों को हुनरमंद बनाना वक्त की मांग है। श्री तिवारी ने कहा कि सोसाइटी में कई मेंटर हैं। हमें और मेंटर खोजने होंगे।

# झारखंड छात्र मोर्चा ने पूर्व स्थापित कॉलेजों को स्ट्रीम वाइज बनाने का किया विरोध



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड छात्र मोर्चा ने विश्वविद्यालय द्वारा स्ट्रीम वाइज कॉलेज बनाने के प्रस्ताव के विरोध हेतु कुलपति की अनुपस्थिति के कारण कुलसचिव डॉ विनोद नारायण को ज्ञापन सौंपा एवं विरोध दर्ज किया। छात्र मोर्चा का कहना है कि जिन कॉलेज की स्थापनाकाल से ही सभी विषयों की पढ़ाई होती रही है। वैसे कॉलेज को स्ट्रीम वाइज बनाना विश्वविद्यालय एक्ट के खिलाफ है साथ ही साथ कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों के बीच हैंड ओवर एवं टेकओवर एग्रीमेंट जो किया गया था उसका भी घोर उल्लंघन है। स्ट्रीम वाइज कॉलेज बनाने के लिए पटना यूनिवर्सिटी का जो हवाला दिया गया है उस पर मोर्चा बताना चाहती है कि पटना विश्वविद्यालय एवं रांची विश्वविद्यालय के एक्ट में कई भिन्नता है। पटना विश्वविद्यालय स्थापना काल से ही स्ट्रीम वाइज कॉलेज चलाने हेतु उनके प्रावधान किये गये थे किंतु रांची विश्वविद्यालय की स्थापना काल से ही इसमें सभी कॉलेजों में सभी स्ट्रीम की पढ़ाई होती रही है। ऐसे में अचानक से स्ट्रीम वाइज पहले से स्थापित कॉलेज को करना नियम का घोर उल्लंघन है। विरोध करने वालों में झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद टिंकू, संगठन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा आदि छात्र नेता उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में जनसंपर्क अभियान



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश इकाई द्वारा मंगलवार को प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए कांके रोड में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व भाजपा नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे ने किया। जनसंपर्क अभियान की शुरुआत भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा की गयी। अभियान के दौरान राजीव रंजन मिश्रा ने जनता से संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। साथ ही पीएम मोदी के द्वारा किये गये कार्यों की लोगों को जानकारी दी। जनसंपर्क अभियान के नेतृत्वकर्ता शंकर दुबे ने जनता को अब की बार 400 पार को पूरा करने का संकल्प दिलाया। जनसंपर्क अभियान में कैलाश केसरी, पंकज वत्सल, डॉ सौरव चौधरी, आशुतोष द्विवेदी, ओम प्रकाश गुप्ता, विणा श्री, रीता दुबे, रीना सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कांके क्षेत्र के लोग शामिल थे।

# संजीव और जहांगीर की रिमांड खत्म, कोर्ट ने भेजा जेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिमांड अवधि पूरी होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर को मंगलवार को पीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश के समक्ष पेश किया। दोनों की गिरफ्तारी 5 मई को हुई थी। रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट से अनुमति के बाद एजेंसी दोनों से 14 दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। इस पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं। संजीव लाल के सहायक जहांगीर के घर से इडी ने 35.23 करोड़ रुपये नगद बरामद किये थे। वहीं संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे। इसी केस में एजेंसी मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

# बिना टिकट यात्रियों से वसूले 80.55 लाख

आजाद सिपाही संवाददाता



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर शिकंजा कसने के लिए मंगलवार को पांचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं धनबाद में एक साथ विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जांच अभियान में पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे पं दीनदयाल उपाध्याय जं., पटना, आरा, बक्सर, मोकामा, सासाराम, धनबाद, गोमो, कोडरमा, डालटनगंज, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, खगड़िया, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, रक्सौल, बेतिया, सहरसा, दिलदारनगर, हजारीबाग रोड पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टीटीइ एवं भारी मात्रा में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात किया गया। सभी महत्वपूर्ण मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों यथा 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, 12553 वैशाली एक्सप्रेस, 12365 रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12567 राज्य रानी एक्सप्रेस, 18626/18625 हटिया-पूर्णिया कोर्ट हटिया एक्सप्रेस, 12801 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, 13351 धनबाद-एल्लेपी एक्सप्रेस, 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस एवं 12382 पूर्वा एक्सप्रेस के वातानुकूलित कोचों की विशेष रूप से जांच की गयी। इसके साथ ही सभी सवारी ट्रेनों एवं मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जांच की गयी एवं बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। यह विशेष टिकट जांच अभियान पूरे दिन चलाया गया। इस जांच अभियान में कुल 10 हजार 980 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया। जिनसे जुर्माने के रूप में 80 लाख 55 हजार रुपये वसूले गये। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी । पूर्व मध्य रेल यात्रियों से अपील करती है कि वे हमेशा उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें।

# जय जय जय हनुमान गोसाईं...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जय जय जय हनुमान गोसाईं कृपा करू गुरु देव की नाही के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 102 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 102 वां कार्यक्रम मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, अन्नपूर्णा सरावगी के संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित कर राज्य एवं देश के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। सुरेश सरावगी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गयी। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया स्नेह पोद्दार आदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## Format C-1

### Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25 September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 336 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Va. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate:_BIDYUT BARAN MAHATO, KRISHNAPUR, ADITYAPUR INDUSTERIAL AREA, NIT, SARAIKELA KHARSAWAN, PIN-832109

Name of political Party:__BHARTIYA JANATA PARTY____________________

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election :_LOKSABHA 2024____________________

* Name of Constituency:___09, JAMSHEDPUR____________________

I__BIDYUT BARAN MAHATO____________(name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM, JAMSHEDPUR | SAKCHI PS CASE NO-03/2022 DATED 06/01/2022 | PENDING POLICE BAIL ON 03/04/2024 | U/S-188/269/270/290/IPC AND 51(B) DISASTER MANAGEMENT ACT-2005 |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences-NIL

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Imposed Punishment |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| | | | |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned din place of name of constituency.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.57 बजे |



## चुनावी जनसभा में कल्पना सोरेन ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# षड्यंत्र के तहत हेमंत को भेजा जेल : कल्पना सोरेन

- केंद्र सरकार पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने का आरोप
- इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड अंतर्गत गांगुडीह फुटबॉल मैदान में मंगलवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन उपस्थित हुईं।

### यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है : यशस्विनी सहाय

सभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन की कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। इसलिए इंडिया गठबंधन को चुनाव जीतना जरूरी है, नहीं तो मोदी सरकार संविधान को बदल कर रख देगी। उन्होंने कहा कि 18 साल तक झारखंड में भाजपा की सरकार रही। लेकिन कोई काम नहीं किया। युवा बेरोजगार हो गये हैं। चांडिल डैम के विस्थापितों को अब तक न मुआवजा मिला और नहीं जमीन मिली। हमारी सरकार बनी तो महिलाओं को 1 लाख रुपये, 400 मनरेगा मजदूरी देगी।

### केंद्र सरकार पर साधा निशाना

सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंडियों के हक और अधिकार को केंद्र की मोदी सरकार खत्म रही है। यहां के आदिवासी, मूलवासी, दलित, अल्पसंख्यक सबके अधिकार को छीनने का काम केंद्र की मोदी सरकार ने किया है। कल्पना सोरेन ने कहा कि 2019 में झामुमो की सरकार बनी तब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने। स्व दुर्गा सोरेन का भी जन्म चांडिल अपने मामा घर में ही हुआ।

कल्पना सोरेन ने कहा कि 2019 में जब झामुमो गठबंधन की सरकार बनी तो यह केंद्र सरकार को रास नहीं आयी। केंद्र सरकार ने षड्यंत्र के तहत राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया है। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में झारखंड की जनता भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

### आरक्षण खत्म करने का आरोप

कल्पना ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार अबकी बार 400 पार का नारा दे रही है। उतनी सीटें आते ही वे संविधान बदल देंगे। आरक्षण पर बात करते हुए कहा कि मोदी सरकार संविधान बदल कर आरक्षण को हटा देगी। कल्पना सोरेन ने केंद्र की मोदी सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। कल्पना ने कहा कि हमारा कोयला, हमारी खनिज संपदा सब कुछ हमारा, फिर भी केंद्र सरकार हमें पैसा नहीं देती है। चुनाव से ठीक पहले झारखंड के आदिवासी बेटा हेमंत सोरेन को भाजपा ने जेल भेज दिया। यह चुनाव भाजपा बनाम त्रस्त जनता का चुनाव है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार मजदूरों को हवाई जहाज से घर लायी, अबुआ आवास में मान सम्मान दिया।

सभा को ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो ने भी संबोधित कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को भारी भारी मतों से विजयी बनाने का अपील की। कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन दल के तमाम नेता मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से कांग्रेस, झामुमो, राजद के पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डिवाइडर से टकरायी, फिर उछल कर पीसीआर वैन पर जा गिरी पिकअप वैन, दो घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीसीआर सात में हर दिन की तरह एक ड्राइवर, एक अफसर और एक महिला होमगार्ड की जवान हाइवे पर पेट्रोलिंग कर रहे थे। मंगलवार की सुबह लगभग पांच बजे हाइवे के किनारे पीसीआर वैन को खड़ा किया और सभी बाहर निकल कर खड़े हो गये। इसी बीच एक पिकअप वैन पहले डिवाइडर से टकरायी और उछलते हुए पीसीआर वैन की छत पर जा गिरी। मौके पर मौजूद महिला होमगार्ड जवान बबीता कुमारी और चालक नवल किशोर का पैर गाड़ी के नीचे दब गया। कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ मिल कर दोनों को बाहर निकाला और नजदीक के अस्पताल में भेजा। मामले की जानकारी जैसे ही रांची के सीनियर एसपी चंदन सिन्हा को मिली, वे मौके पर पहुंचे और दोनों पुलिसकर्मियों को बेहतर इलाज के लिए मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# सरयू राय का तंज, दीन दयाल को याद करनेवाले को नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ लगातार आक्रामक हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि दुखद आश्चर्य कि जनसंघ के संस्थापक दीन दयाल जी का उद्धरण देने पर विधायक राज सिन्हा को प्रदेश भाजपा ने कार्रवाई का नोटिस दिया है। वहीं पार्टी भाजपा के चाल, चरित्र, चेहरा पर अपराध और जमीन कब्जा का बदनुमा दाग लगाने वाले और चुनाव में सांसद-विधायक को गरियाने वाले प्रत्याशी के पक्ष में खड़ी हो गयी है। चार दिन बाद धनबाद में मतदान होने हैं। ऐसे वक्त में सरयू राय का यह बयान भाजपा वोटरों के सामने बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

### राजनाथ सिंह दें गारंटी

सरयू राय ने ढुल्लू महतो का प्रचार करने बोकारो पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी गारंटी मांगी है। उन्होंने कहा कि बोकारो की सभा में राजनाथ सिंह गारंटी दें कि भाजपा के धनबाद प्रत्याशी ने लेढ़ीडुमर के राजपूतों, दरिदा-चिटाही के तेलियों, मुसलमानों और अन्य पिछड़ों (सभी स्थानीय रैयत) की, जो 200 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है। ऊंची चाहरदीवारी खड़ी करके घेर लिया है, उसे रैयतों को लौटा देंगे। अगर वह यह गारंटी नहीं देते हैं, तो वोट ना मांगें।

### ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार ना करने पर राज सिन्हा और जयंत सिन्हा को नोटिस

उल्लेखनीय है कि सोमवार को प्रदेश भाजपा ने सांसद जयंत सिन्हा और धनबाद के विधायक राज सिन्हा को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में राज सिन्हा से पूछा गया कि उन्होंने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार क्यों नहीं किया। क्यों चौक-चौराहों पर ऐसे बयान दिये, जो भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ जाता है। दरअसल पिछले दिनों राज सिन्हा ने चित्रगुप्त महापरिवार के मतदाता जागरूकता अभियान में जनसंघ के संस्थापक दीन दयाल उपाध्याय का उद्धरण दिया था। उन्होंने कहा था कि हो सकता है कि पार्टी से प्रत्याशी के चयन में भूल हो जाये। लेकिन कार्यकर्ता को उसे सुधार करना चाहिए। साथ ही कहा था कि प्रत्याशी के गुण दोष को कसौटी पर पर रख कर मतदान करें। राज सिन्हा ने जिस कार्यक्रम में यह बात कही थी, उस कार्यक्रम में धनबाद और बोकारो के कायस्थ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उनके इस बयान के बाद ही प्रदेश भाजपा ने राज सिन्हा को नोटिस जारी किया है।

## हेहल अंचल के पास कलेक्शन एजेंट से ढाई लाख की छिनतई

**रांची (आजाद सिपाही)।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हेहल अंचल पुल के पास मंगलवार की सुबह बाइक सवार अपराधियों ने आइटीसी के कलेक्शन एजेंट से ढाई लाख रुपये की छिनतई की है। जानकारी के अनुसार, कलेक्शन एजेंट कुंदन कुमार दुकान से पैसा कलेक्शन करके लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार अपराधी उससे रुपयों से भरा थैला लेकर फरार हो गया। पीड़िता कुंदन कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि वह आइटीसी में एजेंट के रूप में कार्यरत हैं। सुबह-सुबह वह दुकान से पैसे कलेक्शन कर-के जा रहा था। इसी दौरान हेहल अंचल पुल के पास बाइक पर सवार होकर आये एक अपराधी ने उससे पैसों से भरा थैला छीन कर फरार हो गया। बताया कि घटना की सूचना अरगोड़ा थाना पुलिस को दी है।

## जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर 3 जून को सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेबीकेएसएस के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार जयराम महतो को रांची सिविल कोर्ट से मिली राहत बरकरार है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी थी। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त (अखउ 15) की कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान इस आदेश को 3 जून तक विस्तार दिया है। अब इस मामले में कोर्ट 3 जून को सुनवाई करेगा। बता दें कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48 में वारंट लिया है। वारंट प्राप्त करने के बाद रांची पुलिस ने गिरिडीह में जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी। लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया।

# चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी सूचना दिये बिना रहते हैं अनुपस्थित

- किसी प्रकार की घटना-दुर्घटना पर संबंधित जिले के एसपी होंगे जिम्मेदार





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव कराने के लिए प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी के अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया है। पुलिस मुख्यालय के पत्र में इसका खुलासा हुआ है। डीजीपी के आदेश पर जिलों के एसपी को एक पत्र भी भेजा गया है। पत्र के अनुसार चतुर्थ चरण से पंचम चरण के मतदान के लिए प्रतिनियुक्त किये गये पुलिसकर्मियों के गमनागमन के संबंध में काफी शिकायतें मिल रही है। विशेषकर सीआइडी, विशेष शाखा, एसआइबी, एसीबी एवं आइटीएस से प्रतिनियुक्त किये गये पुलिसकर्मी बिना किसी नोडल पदाधिकारी से संपर्क किये अपने नये प्रतिनियुक्त किये गये स्थल में न जाकर स्वेच्छापूर्वक अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाये गये। चुनाव ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त किये गये बलों के द्वारा अपने कर्तव्य से बिना किसी अनुमति के अनुपस्थित रहने की स्थिति में उनके साथ किसी प्रकार की घटना अथवा दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति में चुनाव ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त किये गये वर्तमान जिला एवं अगले चरण के चुनाव ड्यूटी के लिए प्रतिनियक्त होने वाले जिलों के एसपी की संपूर्ण जिम्मेवारी होगी।

### चुनाव ड्यूटी में तैनात बलों के आवागमन को लेकर दिशा-निर्देश का हो अनुपालन

लोकसभा चुनाव के षष्ठम चरण की चुनाव ड्यूटी के लिए विशेष शाखा, एसआइबी, एसीबी, सीआइडी, आइटीएस से हवलदार, सिपाही की प्रतिनियुक्ति बोकारो, धनबाद एवं रांची जिला में मंगलवार 21 मई से की गयी है। सभी पंचम चरण के चुनाव ड्यूटी को लेकर गिरिडीह जिला में प्रतिनियुक्त पर गये थे।

रांची और धनबाद के एसएसपी और बोकारो एसपी को षष्ठम चरण की चुनाव ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त किये गये बलों को लाने के लिए अपने-अपने जिले से एक-एक नोडल पदाधिकारी को गिरिडीह भेज कर प्रतिनियुक्त किये गये बलों को संकलित कराने का निर्देश दिया गया था। साथ ही साथ गिरिडीह एसपी को विषयांकित बलों की गणना सुनिश्चित कर षष्ठम चरण में आवंटित जिला के नोडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराते हुए पुलिस मुख्यालय के माध्यम से चुनाव ड्यूटी के लिए बलों के गमनागमन के संबंध में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने को कहा है।

# तापस घोष की जमानत अर्जी पीएमएलए कोर्ट ने की खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाईं अंचल के 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष की जमानत अर्जी पीएमएलए कोर्ट ने खारिज कर दी। पीएमएलए की विशेष कोर्ट में तापस घोष की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी हो गयी थी।

मामले में 9 मई को कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष, संजीत कुमार और हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर को इडी ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ये तीनों आरोपी अभी इडी की रिमांड पर हैं। इनसे इडी पूछताछ कर रही है। मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने के ये मास्टरमाइंड हैं। फर्जी दस्तावेज के आधार पर इन पर जमीन पर कब्जा कर खरीद बिक्री करने का आरोप है।

### तल्हा खान की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई 4 जून को

रांची। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी तल्हा खान की ओर से पीएमएलए कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दायर की गयी है। इस पर 4 जून को सुनवाई होगी। तल्हा खान पर आरोप गठन होना है। इसे लेकर उनकी ओर से खुद पर लगे आरोप से मुक्त कराने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी है। बता दें कि मामले के अन्य आरोपी दिलीप घोष, भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली और अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पीएमएलए कोर्ट से पूर्व में ही खारिज हो चुकी है। तल्हा खान को 13 अप्रैल 2023 को इडी ने गिरफ्तार किया था। उसके बाद से वह जेल में बंद है। जमीन फर्जीवाड़ा मामले में इडी ने 13 और 14 अप्रैल 2023 को निलंबित आइएएस छवि रंजन, निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद समेत कई जमीन कारोबारियों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। मामले में निलंबित आइएएस छवि रंजन, निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद समेत कई जमीन कारोबारी जेल में बंद हैं।

# एसएसपी ने 84 अपराधियों को जिला बदर करने और थाना में हाजिरी लगाने का भेजा प्रस्ताव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में सक्रिय 84 अपराधियों, भू माफिया और असामाजिक तत्वों के खिलाफ जिला बदर करने और थाना में हाजिरी लगाने की कार्रवाई की जायेगी। एसएसपी चंदन सिन्हा ने इससे संबंधित प्रस्ताव रांची डीसी को भेजा है। इसमें 51 अपराधियों, भू माफिया और असामाजिक तत्वों को जिला बदर करने, जबकि 33 को हर दिन थाना में हाजिरी लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

### 51 को जिला बदर करने का भेजा गया प्रस्ताव

रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने जिन 51 अपराधियों, भू माफिया और असामाजिक तत्वों को जिला बदर करने का प्रस्ताव डीसी को भेजा है, उसमें सोनू अंसारी, संदीप थापा, बिट्टू मिश्रा, संदीप बागे, मोहन राय, सरफराज, खैरुद्दीन अंसारी, तसलीम, अफसर अंसारी, अली खान, शमशेर कुरैशी, मुन्ना उरांव, अली खान, ऋषि रंजन, सीमा तिर्की, मिथिलेश महतो, बिट्टू बड़ाइक, सजल कुमार, मजीद आलम, अली हुसैन, पप्पू गद्दी, परवेज आलम, राकेश कुमार सिंह, शाहनवाज अली, मो सेराज, मोबीन, गेंदा सिंह, महमूद आलम, विकास कुमार, बुतरु उरांव, सुजाउद्दीन अंसारी, मोजिब अली, लवकुश शर्मा, तुलसी पाहन, राजा राम चौहान, विजय सिंह, रिंकू कुरैशी, विनोद गोप, आनंद वर्मा, पंकज सिंह, मो आफताब, सकलदीप बड़ाइक, नरेश उरांव, बलिराम साहू, बंटी लोहार, बिरजू नायक, समीर बागची, मोबिन अंसारी, अताउर रहमान, देवनारायण उरांव और सईउल्लाह खान शामिल हैं।

### 33 को थाना में हाजिरी लगाने का भेजा गया प्रस्ताव

डीसी को भेजे गये प्रस्ताव में जिन 33 अपराधियों, भू माफिया और असामाजिक तत्वों को थाना में हाजिरी लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है, उसमें सज्जाद अंसारी, बलदेव करमाली, विजय चौरसिया, कनीलाल साहू, कुंदन कुमार, मो जसीम, सिंटू जायसवाल, सैयद शरताज, मो मुस्तफा, शाहिद, मो रेहान, कयामत, कलामुद्दीन, मनीष गोप, अजय सिंह, फैयाज अंसारी, रंथू उरांव, कार्तिक मुंडा, कारो पाहन, मनमोहन लोहरा, आकाश कुमार, छोटू लोहरा, मो इम्तियाज, बबलू करमाली , मनोज राम, जियाउल अंसारी, खुर्शीद अख्तर, छोटू रजक, सद्दाम अंसारी, अनिल कुमार, यासिन और सईउल्लाह खान शामिल हैं।

## कर्नाटक के युवक का मिला शव

**रांची।** बीएनआर होटल के नजदीक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर युवक का शव बरामद कर लिया। युवक के पॉकेट से एक आधार कार्ड मिला है, जिस पर चंद्रकांत बी तलवार नाम लिखा हुआ है। मृतक युवक कर्नाटक का बताया जा रहा है।

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार संख्या-1736, दिनांक- 18.05.2024 मैं नन्दलाल प्रसाद कश्यप, उम्र 63 वर्ष, पिता स्व० मोती साव, निवासी संघत मोहल्ला गढ़वा, थाना गढ़वा, जिला गढ़वा, राज्य झारखण्ड शपथपूर्वक निम्नांकित ब्यान करता हूँ कि:-
1. यह कि मुझे तीन पुत्र
(1) संतोष कुमार उर्फ संतोष कश्यप
(2) विवेक कश्यप एंव (3) धीरज कश्यप है तथा वर्तमान में, मैं मेरी पत्नी सहित विवेक कश्यप एवं धीरज कश्यप के साथ रहता हूँ।
2. यह कि आज दिनांक 18.05.2024 से लगभग 2 ½ वर्ष पूर्व से संतोष कश्यप के व्यवसायिक क्रिया कलाप से मुझे कोई सरोकार नहीं रहा है तथा मैं उपरोक्त संतोष कुमार उर्फ संतोष कश्यप से अलग रहकर अपना व्यवसाय चला रहा हूँ जिसमें संतोष कश्यप की कोई हिस्सेदारी नहीं है और नही कोई जवाब देही है।
यह कि मेरे पुत्र संतोष कुमार उर्फ संतोष कश्यप के विरूद्ध किसी भी व्यक्ति की देनदारी / आर्थिक लेन-देन अथवा किसी प्रकार के व्यवसायिक संबंध से मेरा कोई वास्ता नहीं है तथा उपरोक्त शपथ पत्र में अपने पुत्र संतोष कुमार उर्फ संतोष कश्यप से किसी प्रकार का व्यवसायिक लेन-देन उधार देनदारी की जिम्मेदारी मेरी नहीं होने के आलोक में "समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित किये जाने हेतू यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।

# छात्रवृत्ति से वंचित हो सकते हैं 35 हजार से अधिक पोस्ट मैट्रिक छात्र-छात्राएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सहित राज्य के विभिन्न सरकारी एवं आवासीय विद्यालयों और संस्थानों में अध्ययनरत 35 हजार से अधिक पोस्ट मैट्रिक छात्र-छात्राएं इस वर्ष की छात्रवृत्ति से वंचित हो सकते हैं। क्योंकि स्कूल प्रबंधन ने अब तक ई-पोर्टल में अपना अप्रूवल दर्ज नहीं कराया है। इसके पीछे का कारण सरकारी स्कूल एवं आवासीय विद्यालयों के शिक्षक और अन्य कर्मियों के चुनाव डयूटी में जाना बताया जा रहा है। हालांकि स्कूल के प्राचार्य चाहें, तो उसे अपलोड करा सकते हैं। मगर चुनाव ड्यूटी का बहाना बनाया जा रहा है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को इस वर्ष मिलने वाली छात्रवृत्ति से हाथ धोना पड़ सकता है।

### क्या है नियम

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संबंधित स्कूल या कॉलेज को स्थानीय उपायुक्त की अध्यक्षता वाली कमेटी अप्रूवल देती है। इसके बाद ही स्कूल या कॉलेज का नाम ई-पोर्टल पर नजर आता है। कई जिलों में अब तक शिक्षण संस्थानों को अप्रूवल ही नहीं मिला है। वहीं, छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर ही आवेदन करना जरूरी है। लेकिन, पोर्टल पर संस्थान के नहीं होने की वजह से आवेदन करना संभव नहीं हो पा रहा है।

**संस्थान बरत रहे लापरवाही**

राज्य के कई शिक्षण संस्थानों ने कल्याण विभाग में अपना रिनुअल भी नहीं कराया है। इसकी वजह से उन संस्थानों का नाम पोर्टल पर नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में इन संस्थानों के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि विभाग ने रिनुअल नहीं कराने वाले शिक्षण संस्थानों को नोटिस दिया है। इसके बावजूद संस्थान लापरवाही बरत रहे हैं।

# राज्य पुलिस मुख्यालय में आतंकवाद विरोधी शपथ का पाठ



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर राज्य पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आतंकवाद विरोधी शपथ का पाठ किया गया। इस अवसर पर मंगलवार को पूर्वाह्न में राज्य पुलिस मुख्यालय परिसर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी पूरी ताकत से आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने और देश की अहिंसा और सहिष्णुता की परंपरा में दृढ़ विश्वास के साथ मानव जीवन और मूल्यों को खतरे में डालने वालों से लड़ने का संकल्प लिया। पुलिस महानिरीक्षक यतींद्र कोयल उपस्थित रहे और सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को शपथ दिलायी। इस कार्यक्रम में आइजीपीएस प्रवीण कुमार, एआइजीपी विवेकानंद शर्मा, एआइजीपी अमरेश पंडा, एसपी डॉ भवानीकांत पटनायक, एआइजीपी प्रशांत कुमार मिश्र, एआइजीपी प्रशांत कुमार नायक उपस्थित थे।

# नेशनल टेस्टिंग एजेंसी फिर फेल

इस साल यह उम्मीद की जा रही थी कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा ली जाने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूइटी-यूजी) बिना किसी बाधा के सहजता से पूरी हो जायेगी तो यह अकारण नहीं था। पिछले दो वर्षों के अनुभव इस उम्मीद को ठोस आधार दे रहे थे। इसीलिए इस आस का टूटना खास तौर पर निराशाजनक है। यह लगातार तीसरा साल है, जब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी देश की इस सबसे बड़ी परीक्षा को आयोजित कर रही है। पहला साल आयोजकों के लिए कठिन था तो परीक्षार्थियों के लिए तकलीफदेह। उस साल कई तरह की गड़बड़ियों का सामना करते हुए एनटीए ने जैसे-तैसे अगस्त के आखिर तक प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया पूरी की थी। एनटीए ने दूसरे साल काफी कुशलता का परिचय दिया। हालांकि गड़बड़ियां रहीं, फिर भी 2023 में यह प्रक्रिया 5 जुलाई तक पूरी कर ली गयी। ऐसे में तीसरे साल यानी 2024 में जब एनटीए ने सीयूइटी का 15 से 24 मई तक का कार्यक्रम घोषित किया, तो स्वाभाविक ही माना गया कि इस बार बगैर गड़बड़ी के यह प्रक्रिया समय पर पूरी कर ली जायेगी। दिल्ली के केंद्रों पर इस परीक्षा में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को परीक्षा की पूर्वसंध्या पर ही उस समय बड़ा झटका लगा, जब उन्हें यह सूचना दी गयी कि कुछ अपरिहार्य कारणों से पहले दिन की उनकी प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गयी है। परीक्षा की नयी तारीख 29 मई बतायी गयी। बाद की परीक्षा में शिकायतें कम नहीं रहीं। गंदे बाथरूम से लेकर टूटे पंखों, बायोमीट्रिक सिस्टम की गड़बड़ियों और निरीक्षण में लापरवाही तक- इन शिकायतों का दायरा व्यापक रहा। दिल्ली से बाहर के केंद्रों पर भी कई तरह की समस्याएं रहीं। मसलन- कानपुर और इंदौर में स्टूडेंट्स को गलत प्रश्नपत्र दे दिये गये। इंदौर में परीक्षार्थियों ने हिंदी का विकल्प चुना था, लेकिन उन्हें दिये गये प्रश्नपत्र अंग्रेजी में थे। लखनऊ केंद्र पर गर्मी की तैयारियां ठीक से नहीं की गयी थीं। मेघालय के शिलॉन्ग में तो भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गयी। कारण यह बताया गया कि एनटीए और शिलॉन्ग टेस्ट सेंटर में पर्याप्त समन्वय नहीं था। ध्यान रहे, इस साल पहली बार सीयूइटी-यूजी को हाइब्रिड मोड में रखा गया है। अभी सिर्फ ऑफलाइन परीक्षाएं हुई हैं। कंप्यूटर से संबंधित विषयों की परीक्षा 21 और 24 मई को होनी है। इस दौरान ज्यादा तकनीकी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। सीयूइटी-यूजी निश्चित रूप से यूनिवर्सिटियों में प्रवेश की प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप देने की सराहनीय पहल का हिस्सा है। एनटीए की यह जिम्मेदारी है कि वह इसे अमल की गड़बड़ियों की भेंट न चढ़ने दे।

**इस साल पहली बार सीयूइटी-यूजी को हाइब्रिड मोड में रखा गया है। अभी सिर्फ ऑफलाइन परीक्षाएं हुई हैं। कंप्यूटर से संबंधित विषयों की परीक्षा 21 और 24 मई को होनी है। इस दौरान ज्यादा तकनीकी चुनौतियां सामने आ सकती हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना जनजागरण और एकजुटता के लिए की गयी थी। किसी संगठन या व्यक्ति की पहचान उभारने के लिए नहीं। यही वजह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने पहले ही कह दिया था कि हम आम संगठनों जैसे नहीं हैं, जो सिर्फ अपने स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन करे। बल्कि राष्ट्र और समाज के उत्थान में योगदान के लिए ही कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।**

# हिंदू-सिख एकता बनाये रखने के लिए अमूल्य योगदान रहा है आरएसएस का



सुखदेव वशिष्ठ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के समय से ही संपूर्ण समाज का संगठन है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज स्वयंसेवकों की संख्या और शाखाओं की दृष्टि से दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। इसकी सबसे बड़ी वजह इसका उद्देश्य। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना जनजागरण और एकजुटता के लिए की गयी थी। किसी संगठन या व्यक्ति की पहचान उभारने के लिए नहीं। यही वजह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने पहले ही कह दिया था कि हम आम संगठनों जैसे नहीं हैं, जो सिर्फ अपने स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन करे। बल्कि राष्ट्र और समाज के उत्थान में योगदान के लिए ही कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।

**'आरएसएस ने हिंदू-सिख एकता बनाए रखने में निभायी भूमिका'**

विभाजन के बाद लाहौर में हुए दंगों का प्रत्यक्ष विवरण देते हुए प्रोफेसर एएन बाली ने विस्तृत विवरण दिया है कि कैसे आरएसएस ने बड़ी संख्या में सिखों और हिंदुओं को बचाया। प्रोफेसर बाली पंजाब विश्वविद्यालय में पढ़ाते थे और लाहौर के निवासी थे। 'नाउ इट कैन बी टेल' नामक पुस्तक पहली बार 1949 में प्रकाशित हुई थी और प्रस्तावना एक सिख नेता मास्टर तारा सिंह द्वारा लिखी गयी थी, जिन्होंने अकाली आंदोलन को आकार देने के साथ-साथ एसजीपीसी के उद्भव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। सिखों का शरीर बाली लिखते हैं: पुलिस ज्यादातर लीग विचारधारा वाली थी... इस स्तर पर लोगों की मदद के लिए युवा निस्वार्थ हिंदुओं के एक समूह के अलावा और कौन आया था, जिसे आरएसएस के नाम से जाना जाता है। उन्होंने प्रांत के हर शहर के हर मोहल्ले में हिंदू और सिख महिलाओं और बच्चों को खतरनाक इलाकों से निकाल कर अपेक्षाकृत सुरक्षित केंद्रों तक पहुंचाने का आयोजन किया। उन्होंने उनके भोजन, चिकित्सा सहायता, कपड़े और देखभाल की व्यवस्था की... यहां तक ??कि विभिन्न कस्बों में फायर ब्रिगेड का भी गठन किया गया।

**भारत के लिए आर्थिक, वित्तीय और वैश्विक लाभों को आगे बढ़ाने के लिए उनका उपयोग करने की उनकी दूरदृष्टि निःसंदेह भारत को लाभान्वित करती है।**

उनका (आरएसएस) अनुशासन, उनकी शारीरिक फिटनेस और खतरों के सामने उनकी निस्वार्थता पंजाब में लोगों की मदद के लिए आयी जब पूरा प्रांत जल रहा था और जब कांग्रेस नेता असहाय होकर नयी दिल्ली में घूम रहे थे, काबू नहीं पा रहे थे मुस्लिम लीग का विरोध और कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए मजबूत कार्रवाई के उनके प्रस्ताव के प्रति गवर्नर-जनरल की जिद। आरएसएस ने अमृतसर में पवित्र सिख तीर्थ 'दरबार साहिब' की दो बार रक्षा की थी ,जब 1947 में मुस्लिम लीग के नेतृत्व वाली भीड़ ने इस पर हमला किया था।

1947 में भारत के विभाजन के दौरान, आरएसएस ने बड़ी संख्या में सिखों की जान बचायी और पंजाब की आबादी को मुस्लिम लीग के नेतृत्व वाली भीड़ के हमले से बचाने में प्रमुख भूमिका निभायी। उस समय के दौरान अंग्रेजी ट्रिब्यून ने लिखा था : पंजाब हिंदुस्तान की तलवार की भुजा है और आरएसएस पंजाब की तलवार की भुजा है (द सैफ्रन सर्जः अनटोल्ड स्टोरी ऑफ आरएसएस लीडरशिप, प्रभात प्रकाशन)। बंटवारे के दिन माणिकचंद्र वाजपेयी और श्रीधर पराड़कर ने अपने मौलिक कार्य, 'विभाजन के दिनः आरएसएस की उग्र गाथा' में इन दो घटनाओं का विस्तार से उल्लेख किया है।

1984 के सिख विरोधी दंगों के बाद, प्रसिद्ध स्तंभकार और लेखक खुशवंत सिंह ने कहा था, आरएसएस ने दिल्ली और अन्य स्थानों पर इंदिरा गांधी की हत्या से पहले और बाद में हिंदू-सिख एकता बनाये रखने में सम्मानजनक भूमिका निभायी है। अलगाववादी और देश द्रोही ताकतों ने पंजाब का कितना नुकसान किया और आरएसएस के कार्यकर्ताओं की को कितनी हानि हुई यह किसी से छुपा नहीं है, पर कभी भी हिंदू -सिख एकता को टूटने नहीं दिया। पांचवीं से दसवीं पीढ़ी के सिख बंधु अगर अपने पिछले इतिहास को देखें तो हिंदू माताओं ने ही अपने बड़े बेटे को सिख सजाया है। कोई भी मां अपने बेटे का बुरा नहीं सोच सकती। पंज प्यारे भी हिंदू धर्म में से ही सजाये गये। सिख गुरुओं की कल्पना भी भेद भाव रहित समाज की ही है। आरएसएस भी समाज में किसी भी भेदभाव को नहीं मानता।

प्रधानमंत्री मोदी और सिख

पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सिख धर्म के मूल्यों को मनाने और बढ़ावा देने और सिख कल्याण को बढ़ाने के लिए कई उल्लेखनीय पहल की गयी हैं। गुरु तेग बहादुरजी का 400वां प्रकाश पर्व, गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व, और गुरु गोविंद सिंहजी का 350वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। लंगर पर जीएसटी में छूट, करतारपुर साहिब कॉरिडोर का निर्माण, सुल्तानपुर लोधी को एक विरासत शहर बनाना, ब्रिटिश यूनिवर्सिटी में गुरु नानक देवजी के नाम पर एक चेयर स्थापित करना, और सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान यात्रा के लिए सुविधाएं प्रदान करना, ये सभी पहल सिख समुदाय के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता और सिख धर्म के मूल्यों को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों को दर्शाती हैं।

2019 के नवंबर में करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन सिख समुदाय के लिए एक निर्णायक कदम साबित हुआ। इसने पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में भारतीय सिख तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन को सहज बना दिया, जहां गुरु नानक देवजी ने अपने अंतिम वर्ष व्यतीत किये थे।

इसके अलावा ऐतिहासिक सिख स्थलों के विकास और संरक्षण को प्रधानमंत्री मोदी की सरकार द्वारा प्राथमिकता दी गयी है। ऐसे ही एक परियोजना का उदाहरण है, तख्त श्री हरमंदिर साहिब का जीर्णोद्धार, जिसे पटना साहिब गुरुद्वारा के नाम से भी जाना जाता है, जो सिखों के लिए अत्यंत पवित्र है। 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय दिलाने और उनके घावों को भरने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने महत्वपूर्ण पहल की हैं। उन्होंने एक विशेष जांच दल का गठन किया, 300 से अधिक मामलों को फिर से खोला और दोषियों को दंड दिलवाया। उन्होंने जलियांवाला बाग स्मारक को उसके पूर्व गौरव को लौटाने का आदेश दिया। इसके अलावा नागरिकता संशोधन अधिनियम के माध्यम से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना करने वाले सिख भाई-बहनों को नागरिकता प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त किया। 2022 में, मोदी सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया। यह वीरता और बलिदान के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है, खासकर गुरु गोबिंद सिंहजी के चार साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए। यह दिन हर भारतीय को उनके साहस और भारत की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने के संकल्प की याद दिलाता है। प्रवासी भारतीयों के राजनयिक विशेषज्ञ के रूप में पीएम मोदी ने सिख प्रवासी समुदाय को भारत और उनके संबंधित देशों के बीच सेतु-निर्माता के रूप में भी शामिल किया है। भारत के लिए आर्थिक, वित्तीय और वैश्विक लाभों को आगे बढ़ाने के लिए उनका उपयोग करने की उनकी दूरदृष्टि निःसंदेह भारत को लाभान्वित करती है।

अब अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएइ और ग्रीस में वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। वीर बाल दिवस अब वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। उनके शासनकाल में, राष्ट्र को काबुल से दिल्ली पहुंचे तीन स्वरूपों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सिख परंपरा एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सर्वोत्तम उदाहरण है।

## जमशेदपुर की खबरें

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का समापन

**समापन समारोह में शामिल हुए एसडीओ एवं बीडीओ**

**महिलाओ ने समापन समारोह में बनायी मनमोहक रंगोली**



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** लोक सभा चुनाव के द्वारा मतदान के प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पिछले ढ़ेढ़ माह से चल रहे स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का समापन मंगलवार को समारोह का आयोजन कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ सचिदानंद महतो मौजूद थे। इस कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के महिलाओं द्वारा मतदाता को जागरूक करने को लेकर एक हांडी में मतदान को लेकर कई बातों को दर्शाया गया था। इस दौरान 25 मई को होने वाले मतदान की जानकारी भी दी गई थी। इस मौके पर एसडीओ सचिदानंद महतो ने कहा कि पिछले कई बार के चुनाव में घाटशिला क्षेत्र में मतदान के प्रतिशत काफी कम रहा था। मतदाता को जागरुक करने के उद्देश्य से पिछले डेढ़ माह से विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम स्वीप के तहत संचाचित किया जा रहा था। यह कार्यक्रम गांव से लेकर शहर तक हर गली मुहल्ले में संचालित किया जा रहा था। इसमें जेएसएलपीएस की महिलाओं की भूमिका काफी सराहणीय रही।

बीडीओ युनिका शर्मा ने कहा कि 25 मई को होने वाले मतदान के दौरान उनके प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर ही यह अभियान चल रहा था। अभियान के दौरान महिलाओ ने सुंदर रंगोली भी बनायी, जिसकी काफी तारिफ भी हुई। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर गांव से शहर तर जागरूकता रैली निकालने के साथ साथ कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। अब लोगों को 25 मई को घर से निकलवाकर हर हाल में बुथ में ले जाकर मतदान कराना सभी की जिम्मेवारी होगी।

## प्रत्येक बूथ पर 18 वर्ष से कम उम्र के चार स्टूडेंट को बनाया गया वोलेंटियर

घाटशिला। लोकसभा चुनाव को लेकर घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के कुल 121 बूथ मतदान के लिए पूरी तरह तैयार हो गया है। घाटशिला प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के लिए 10 क्लस्टर बनाया गया जबकि 14 सेक्टर बना है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक-एक हेल्प डेस्क बनाया गया है। हेल्प डेस्क का इंचार्ज बीएलओ को बनाया गया है। मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी होने पर तत्काल समाधान बीएलओ करेंगे। साथ ही साथ प्रत्येक बूथ पर 18 वर्ष से कम के चार-चार स्टूडेंट को वालंटियर बनाया गया है जो किसी भी दिव्यांग अथवा कमजोर मतदाता को मतदान कराने के लिए मतदान केंद्र के अंदर ले जाएंगे। घाटशिला प्रखंड के 121 बूथ पर 108472 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कुल पुरुष मतदाता 53127 तथा महिला मतदाता 55345 है। घाटशिला प्रखंड में पुरुषों की तुलना महिला मतदाता संख्या अधिक है। जबकी एक मतदान केंद्र पर चार कर्मचारी को ड्यूटी पर लगायी जायेगी।


# श्रीलेदर्स में संस्थापक सह स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुरेश चंद्र डे की 34वीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** श्रीलेदर्स में संस्थापक सह स्वतंत्रता सेनानी स्व सुरेश चंद्र डे की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंगलवार को शहर के साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स में स्व सुरेश चंद्र डे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। इस अवसर पर स्व डे द्वारा स्थापित मानवीय एवं व्यवसायिक मूल्यों का अक्षरशः पालन करने के लिए संकल्प लिया गया। मौके पर स्व सुरेश चंद्र डे की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वहीं देश के प्रति उनकी कुर्बानी एवं उनके सामाजिक दायित्वों को याद किया गया। स्व सुरेश चंद्र डे एक दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी व देश के प्रति निष्ठावान व्यक्ति थे। उन्होंने श्रीलेदर्स की स्थापना सन 1952 में की थी। उनके दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है आज श्रीलेदर्स न केवल पूरे देश भर में, बल्कि विदेश में भी सफलतापूर्वक चल रही है। श्रीलेदर्स के संस्थापक स्व. सुरेश चंद्र डे के सोच पर आज देश भर में हजारों-लाखों परिवारों को रोजगार मिल रहा है। स्व. सुरेश चंद्र डे के तीसरे पुत्र स्व. आशीष डे भी उनके पद चिन्हों पर चलते हुए समाज व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निवर्हन किया था। आज उनका परिवार भी अपने पूर्वजों के आदर्शों को अपने जीवन में चरितार्थ करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर श्रीलेदर्स साकची के सभी कर्मचारीगण के अलावा उनके परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## दाड़ीसाई एनएच किनारे बेशुद पड़ी महिला को पुलिस ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा



**गालूडीह (आजाद सिपाही)।** गालूडीह थाना क्षेत्र के दाड़ीसाई एन एच किनारे एक महिला बेशुद (बेहोश) स्थिति में मिली। उसके शरीर में चोट के निशान सहित घसिटने की निशान देखे गए। इधर घटना की सूचना पर गालूडीह थाना के एसआइ अजय बागे घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने महिला की वर्तमान स्थिति को देखकर एंबुलेंस से उसे इलाज के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह एनएच किनारे दाड़ीसाई के पास एक बेहोशी स्थिति में महिला पड़ी थी। टायर दुकानदार ने घटना की सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

# लीग फुटबॉल चैंपियनशिप जून में

आजाद सिपाही संवाददाता





**जमशेदपुर।** झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) से संबद्ध घाटशिला स्पोर्ट्स एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मऊ भंडार स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में हुई। वार्षिक आमसभा में सर्वसम्मति से जून के अंतिम सप्ताह से लीग फुटबॉल चैंपियनशिप के आयोजन का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि चैंपियनशिप में हिस्सा लेने की इच्छुक फुटबॉल क्लब के प्रतिनिधियों के संग 29 मई को स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में बैठक कर आयोजन की तैयारी शुरू की जायेगी। आमसभा में एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। सर्वसम्मति से मजदूर नेता ओमप्रकाश सिंह को पुनः अध्यक्ष और शक्ति प्रसाद धल को भी पुनः महासचिव पद का दायित्व सौंपा गया। वहीं उपाध्यक्ष-विंसेंट गुड़िया, दुबराज मुर्मू, डॉ भोलानाथ गोप एवं गणेश टुडू, सहायक सचिव-दीपक दंडपात एवं चांद मार्डी, कोषाध्यक्ष-प्रदीप धल, मुख्य सलाहकार-रूपेश दुबे, सलाहकार-बिमल सेनापति, सिदाम सोरेन एवं बिनोद राम को मनोनीत किया गया।

कार्यकारिणी सदस्यों में रतन मजूमदार, हरजीत सिंह, कातू सोरेन, बिदु सोरेन, मेघराय बेसरा, लखन किस्कु और राजेश हेंब्रम को शामिल किया गया। इसी तरह, अनुशासन कमेटी में गणेश टुडू, दीपक दंडपात, चांद मार्डी, कातू सोरेन, दुर्गा चंद मार्डी एवं डॉ भोलानाथ गोप को रखा गया है। खेल का आयोजन मऊभण्डार एवं मुसाबनी में होगा। खेल के सफल आयोजन हेतु दो अलग-अलग कमेटी गठित की गयी है। मैच आयोजन समिति (मऊ भंडार) में दुर्गा चंद मार्डी, जीतेन हेंब्रम, चंदन टुडू, गणेश टुडू तथा मैच आयोजन समिति (मुसाबनी)- सिदाम सोरेन, लखन किस्कु, गोविंद मुर्मू एवं रामेश्वर मुर्मू को शामिल किया गया है।

# मोदी की गारंटी पर तीसरी बार लगेगी मुहर : धरमलाल कौशिक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत में भाजपा अपने कार्यों व नीति से जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरी है। मंगलवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह बिल्हा विधानसभा के वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक ने इंडी अलायंस पर हमला बोला। उन्होंने कहा 2024 के लोकसभा चुनाव में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जनता ने तय कर लिया हैं। अब तक कांग्रेस ने आधी सदी से अधिक समय तक गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन मोदी की सरकार ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना कर देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। इस दौरान छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, जमशेदपुर लोकसभा मीडिया प्रबंधन विभाग के अनिल मोदी एवं प्रेम झा मौजूद रहे।



## कांडी के सांसद प्रतिनिधि राणा ऋषिकेश सिंह को पितृ शोक



कांडी (आजाद सिपाही)। कांडी प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि राणा ऋषिकेश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को पितृ शोक हुआ है। उनके 92 वर्षीय पिता राणा राजदेव सिंह का निधन हो गया। घटना मंगलवार की सुबह तकरीबन आठ बजे की है। वे फेफड़े की बीमारी से ग्रस्त थे। वे मेडिका अस्पताल में इलाजरत थे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। मृतक का अंतिम संस्कार सुंडिपुर गांव स्थित त्रिवेणी घाट पर किया गया। मृतक का पुत्र राणा संजीव सिंह ने मुखाग्नि दी।

# डोभा में नहाते समय डूबने से दो किशोर की मौत, मचा कोहराम

**मृतकों में झामुमो नेता व मेराल के 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष नुरुल होदा अंसारी का 10 वर्षीय पोता और उसका 12 वर्षीय दोस्त शामिल है**

**बीडीओ, थाना प्रभारी, झामुमो जिला अध्यक्ष, जिप सदस्य, प्रखंड प्रमुख आदि पहुंचकर घटना का लिया जायेगा, परिजनों को ढांढस बंधाया**

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव स्थित एक सरकारी डोभा में मंगलवार को नहाने के लिए घुसे दो किशोर गहरे पानी में डूब गये। शोर मचाने पर जब तब लोग मौके पर पहुंचे, तब तक डूबने से दोनों की मौत हो गयी। एक साथ दो किशोरों की मौत होने से जहां परिवार में कोहराम मच गया वहीं पूरे गांव में मातम पसर गया। दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार दोपहर में घर से थोड़ी दूर अशोक यादव के डोभा में अपने साथियों के साथ झामुमो नेता व मेराल के 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष नुरुल होदा अंसारी का पोता और कौसर अंसारी का 10 वर्षीय पुत्र आदिल अख्तर एवं युसूफ अंसारी का 12 वर्षीय पुत्र सैफ अली अंसारी नहाने गए थे। नहाते समय आदिल अख्तर अचानक गहरे पानी में डूबने लगा यह देखकर सैफ अली उसे बचाने गहरे पानी में चला गया और दोनों डूब गये। इस घटना को देख उसके साथियों ने गांव में हो हल्ला किया जब तक ग्रामीण मदद के लिए पहुंचे, तब तक दोनों पानी में डूब गये।

घटना की सूचना मिलने पर मेराल के बीडीओ जागो महतो, थाना प्रभारी विष्णु कांत, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिप सदस्य संजय सिंह प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी आदि पहुंचकर घटना का जज लिया तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। थाना प्रभारी ने आवश्यक कार्रवाई के बाद अंत परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

### धनबाद लोक सभा चुनाव में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने झोंकी ताकत, कहा

# तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मझिआंव के भाजपा विधायक धनबाद लोकसभा के निरसा में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह पार्टी के स्टार प्रचारक रामचंद्र चंद्रवंशी मंगलवार को धनबाद के निरसा विधान सभा में पहुंचे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के उपलब्धियां को गिनाते हुए भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में लोगों से वोट करने की अपील की।

मौके पर रामचंद्र चंद्रवंशी के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। साथ ही अंग वस्त्र, फूलो का गुलदस्ता और माला पहनाकर उनके धनबाद पर पार्टी को मजबूती मिलने की बात कही। श्री चंद्रवंशी ने कई स्थानों पर अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार को तीसरी बार सरकार बनाने और भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से वोट देकर जीत हासिल करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए भाजपा सरकार में चल रही योजना के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि मोदी कोई व्यक्ति का नाम नहीं एक शक्ति का नाम है। उन्होंने सभी को पहले वोट दान तब जलपान करने की अपील की। इसके अलावे उन्होंने बोकारो में भाजपा प्रत्याशी को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। ताकि फिर से मोदी सरकार तीसरी बार देश में बन सके। मौके पर विधायक अर्पणा सेन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, रविंद्र बर्मा, विजय रवानी, बालमुकुंद दिवाकर, हरे कृष्ण रवानी सहित कई लोग मौजूद थे।

# अंडरपास बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एनएच 75 निर्माण कार्य को रोका





आजाद सिपाह संवाददाता

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय में एन एच 75 पर बन रहे फोरलेन बाई पास सड़क में मूर्ति टोला के समीप अंडरपास बनाने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बाई पास सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया। ग्रामीण महेंद्र प्रजापति, रमाकांत प्रजापति, सुमित्रा देवी, रानी देवी, सोनी देवी, सुषमा देवी, सुनैना देवी, अनीता देवी, गुड्डू पासवान, लालचंद प्रजापति, सुदामा प्रजापति, राजेंद्र यादव, बंशीधर यादव, चंदन यादव, मीरा देवी, संतोष यादव, मुकेश प्रजापति अकली देवी, बसवा देवी, कुलदीप प्रजापति, वासुदेव प्रजापति, प्रभा देवी सहित कई स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बन रहे बाई पास सड़क निर्माण में मूर्ति टोला के समीप अंदर पास अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों ने कहा कि मूर्ति टोला के समीप बाईपास निर्माण होने से टोला दो भाग में बट जायेगा, साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को आंगनबाड़ी केंद्र, अस्पताल व थाना भवन सहित अन्य जगहों पर जाने में काफी परेशानी का समाना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि इसके पूर्व राष्टीय राजमार्ग निदेशक को आवेदन देकर उक्त स्थल पर अंडर पास के स्वीकृति को लेकर मांग की गयी थी, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। ग्रामीणों ने उक्त मामले पर प्राथमिकता के आधार पर अंडर पास निर्माण कराने की मांग की है। इधर जिप अध्यक्ष शांति देवी ने निर्माण कार्य स्थल पर उपस्थित एमजीएम कंपनी के अधिकारी विनोद कुमार सिंह, कमल हसन से ग्रामीणों की समस्याओं को अवगत कराते हुए अंडर पास स्वीकृत दिलाने की मांग की। साथ ही जीप अध्यक्ष शांति देवी ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर अंडर पास का स्वीकृति नहीं मिलती है, तो उच्च अधिकारी को सूचित किया जायेगा। मौके पर स्थानीय बीड़ीसी प्रतिनिधि अनुज कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# नलजल योजना में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने पीएचडी विभाग के खिलाफ जनआक्रोश रैली निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** जल जीवन मिशन नलजल योजना में अनियमितता को लेकर पिपरी पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने पीएचडी विभाग के खिलाफ जनआक्रोश रैली निकाली। ग्रामीणों ने संवेदक पर अनियमितता का आरोप लगाया है। आक्रोश रैली दरवाहा प्राथमिक विद्यालय से पिपरी बिर कुंवर थम स्थल तक निकाली गयी।

इस दौरान ग्रामीणों ने ठेकेदार और विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुये निर्माण कार्य बंद करा दिया है। ग्रामीणों ने संवेदक काम बंद करो, पीएचडी विभाग भ्रष्ट है, जबतक क्वालिटी नहीं, तबतक काम नहीं आदि नारे लगाया जा रहा था।

विरोध में झामुमो अनुमंडल उपाध्यक्ष ग्यासुदीन अंसारी, माणिक सिंह, शंभूराम चंद्रवंशी, राजकुमार भुइयां, बिके चंदेल, रूपेश चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, छठनी देवी, मधु देवी, ममता देवी, नेहा देवी, सुरजी कुंवर, फुलेशरी देवी, सुमित्री देवी, कल्पतिया देवी, अवधेश भुइयां, सीताराम चंद्रवंशी, राजेंद्र यादव, इनराज अंसारी, टहल अंसारी, हेमज अंसारी, नंदू यादव, शिवकुमार यादव सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार और पदाधिकारी की मिलीभगत से घटिया सामग्री के उपयोग कर नलजल में घोर अनियमितता बरती गयी है। जिस कारण अभी तक नल से एक बूंद भी पानी नहीं निकली है।

ग्रामीणों ने बताया कि दो सौ फीट की जगह 60 फिट बोरिंग कराकर मोटर लगवा दिया गया है। बोरिंग में पानी भी नहीं निकलता है, और सोलर जलमिनार का निर्माण कर दिया गया है। कयी जगह पाइप लीकेज की समस्या बनी हुयी है। ग्रामीणों ने बताया कि दरवाहा गांव में लगभग 100 घरों में नल लगवा दिया गया है, लेकिन निर्माण के बाद नल से एक बूंद भी पानी नहीं निकली है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सभी लोगो से आधार कार्ड लेकर बिना कार्य पूर्ण किये पीएचडी जेई के मिलीभगत से फर्जी बिल की निकासी कर लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग के जेई और एसडीओ से कयी बार शिकायत किया, लेकिन ठेकेदार पर कोई कारवायी नहीं किया गया, ना ही कार्य में कोई सुधार हुआ। ग्रामीणों ने विभाग के पदाधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि शिकायत के बाद भी कोई अधिकारी स्थल पर जांच करने नहीं आते है, जिस कारण ठेकेदार नलजल योजना में मनमानी कर रहा है।

इस संबंध पीएचडी विभाग के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि संवेदक के द्वारा मापदंड के अनुसार ही कार्य किया जारहा है।

# मामूली जख्म बना मौत का कारण

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर के आदिवासी बहुल टोला मायर निवासी 63 वर्षीय रामेश्वर राम पिता ईश्वर दयाल राम की मृत्यु मंगलवार की शाम में हो गया।वे पांच माह से जख्म से ग्रसित थे। शुरूआती दौर में मामूली जख्म था। परंतु अच्छे डॉक्टरों से इलाज नहीं कराने के वजह से जख्म दिनों दिन भयंकर रूप ले लिया था। आर्थिक तंगी झेल रहे उनके परिजन इनके इलाज के लिए जमीन गिरवी रखकर इलाज करवाया। परंतु जख्म सही नही हुआ। पिछले माह इनका खबर आजाद सिपाही समाचार पत्र में 'पत्नी ने पति का इलाज कराने की




पत्नी ने पति का इलाज कराने की गुहार लगायी

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर के आदिवासी बहुल टोला के मायर निवासी 63 वर्षीय रामेश्वर राम पिता ईश्वर दयाल राम का गंभीर जख्म से स्थिति दयनीय हो चुका है। उनकी पत्नी लालती देवी ने बताया की पिछले पांच माह से जख्म से परेशान है। शुरुआती दौर में पति का इलाज गांव के ही झोला छाप डॉ से इलाज करवा रहे थे। परंतु समय गुजरने के साथ-साथ जख्म भी भयंकर रूप ले लिया। पूरा परिवार का भरण पोषण रामेश्वर राम मजदूरी कर किया करते थे। माली हालत खराब होने के वजह से रामेश्वर राम का काफी खराब हो गया है। कर्ज लेकर वारानसी के अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर जख्म का इलाज कर घर भेज दिया। पैसे के वजह से दुबारा नहीं ले जाया गया। लालती देवी ने सरकार और जन प्रतिनिधियों से अपने पति का इलाज के लिए गुहार लगायी है।

गुहार लगाई' नामक शीर्षक छपने से लोग आर्थिक सहयोग किया। कुछ दिन बाद परिजन रांची रिम्स में इलाज कराने गये। वहां डाक्टरों ने बताया कि रामेश्वर राम के शरीर में इंफेक्शन के साथ किडनी भी छतिग्रस्त हो गया है। और अंतत मंगलवार की शाम मृत्यु हो गया। परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

# सीएसपी संचालक पर 14 हजार रुपया गलत तरीके से निकालने का आरोप, दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर गांव निवासी कन्हाई प्रसाद गुप्ता ने अपने ही गांव के एक सीएसपी संचालक पर 14 हजार रुपया गलत तरीके से निकालने का आरोप लगाते हुए कांडी थाना में आवेदन दिया है। थाना को दिये आवेदन में पीड़ित ने कहा है कि शिवपुर गांव निवासी सीएसपी संचालक बबलू पांडेय ने मेरे स्टेट बैंक के खाता संख्या 11794895797 से 14 हजार की निकासी किया गया है, जिसकी जानकारी मुझे है। उक्त बैंक खाता मेरा व मेरी पत्नी कौशल्या देवी के नाम से संयुक्त खाता है। जब मैं लेबर कार्ड का पैसा चेक कराने गया, तो उक्त निकासी की जानकारी हुआ। 3 दिसंबर 2023 को 14 हजार का अवैध निकासी किया गया है। जब उक्त निकासी के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि आप अपने से निकासी किये हैं, मेरे रजिस्टर में आपका हस्ताक्षर है। पीड़ित ने कहा कि मैं अभी तक दो बार ही, एक बार 5 हजार और दूसरा बार 2 हजार ही निकासी किया हूं। जबकि मुझसे रजिस्टर में तीन बार हस्ताक्षर करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि चलो क्या हुआ मैं यहीं पर पैसा निकासी व चेक कराता हूं, तो हस्ताक्षर करने से क्या होगा। बैंक खाता का डिटेल निकलवाने पर 20 मार्च 2023 से 25 जुलाई 2023 तक ही दिये हैं।

उक्त आरोप के बारे में सीएसपी संचालक बबलू पांडेय ने बताया कि कन्हाई गुप्ता के द्वारा मेरे ऊपर लगाया गया आरोप निराधार और गलत हैं। मैं 2013 से सीएसपी का संचालन कर रहा हूं, आज तक इस तरह का कोई आरोप नहीं है। वह मेरे सेंटर पर अभी तक मात्र तीन बार ही निकासी किया हैं। 2 अक्टूबर 2023 को 5 हजार, 3 दिसंबर 2023 को 14 हजार और 18 जनवरी 2024 को 2000 हजार का निकासी किया गया है।जिसका सारा दस्तावेज मेरे पास सुरक्षित है। मैं अपना सारा दस्तावेज कांडी थाना में भी गुरुवार को प्रस्तुत कर चुका हूं। इस विषय में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि आवेदन मिला है पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही मामला स्पष्ट हो जायेगा।

# घर के सामने खड़ी बाइक को चुरा ले गये उचक्के

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के रांकी मोहल्ला, बीपी प्लाजा के सामने वाली गली से चोरों ने कृष्ण प्रसाद कश्यप के पुत्र दीपक कुमार कश्यप का घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। सामने दुकान खुला रहने एवं वहां भीड़ होने के बावजूद चोर बेखौफ होकर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गये। इस घटना की प्राथमिकी गढ़वा थाना में दर्ज कर दी गयी है।

प्राथमिकी के लिए दिए आवेदन में दीपक कश्यप ने बताया है कि दोपहर करीब 3:00 बजे वह अपना मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर जेएच 14 एफ 9353 शहर के मेन रोड स्थित बीपी प्लाजा के सामने वाली गली में अपने दुकान सह मकान के सामने खड़ी कर वह सोने चला गया। जब संध्या 4:00 बजे बाहर निकाल तो मोटरसाइकिल गायब पाया। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि दो युवक मोटरसाइकिल चोरी कर ले गये। इसकी सूचना गढ़वा थाना में दे दी गयी है।

# बस स्टैंड में चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के सोनपुरवा बस स्टैंड, कमांडर और ऑटो स्टैंड में चलाया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के दौरान 42 वाहन चालकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। इसके साथ हिट एंड रन और गुड समरितन के बारे मे बतलाया गया इसके साथ ही वाहन चालक को सड़क सुरक्षा संबंधित बुक एवम पंपलेट का वितरण किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक से संजय बैठा, विनय रंजन तिवारी आदि शामिल थे।

# संगीत साधना केंद्र का 'वार्षिकोत्सव' संगीत-संध्या के रूप में मना





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** संगीत साधना केन्द्र का 'वार्षिकोत्सव' संगीत-संध्या के रुप में बंधन मैरेज हॉल नवादा में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी सह शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में शास्त्रीय, उपशास्त्रीय भजन और गजल की प्रस्तुति की गयी।

उक्त अवसर पर पतंजलि योग समिति के झारखंड प्रांत के प्रभारी रासबिहारी तिवारी, संस्कार भारतीय झारखंड प्रांत के मंत्री नीरज श्रीधर, पलामू प्रकोष्ठ के प्रमुख शंभु तिवारी, सुंदरकांड मंडली के मुख्य व्यास अरुण पांडेय और उनके सहयोगी अमरेंद्र मिश्र और ब्रजेश मिश्र, दिलीप पाठक, शिव कुमार, संरक्षक पारस नाथ, मृणाल कांति पौल, मनोज सिन्हा, अरविंद तिवारी, विजय शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। जिन्होंने संगीत का आनंद लेते हुए बच्चों को प्रोत्साहित भी किया।

मुख्य अतिथि ने संगीत की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए वेशभूषा पर ध्यान आकृष्ट कराया और संगीत के प्रति विद्यार्थियों में रुचि बढाने की बात कही। उन्होंने गढवा में संगीत के प्रचार प्रसार में संगीत साधना केंद्र की भूमिका की सराहना की। संरक्षक पारसनाथ तिवारी ने सभी का अभिनंदन करते हुए संगीत के क्षेत्र में केंद्र के कार्यो को बतलाया। धन्यवाद ज्ञापन केंद्र के निदेशक पुरुषोत्तम कुमार मिश्र ने किया। श्री मिश्र ने कहा कि मैं चाहता हूं कि गढ़वा में स्वच्छ निर्मल और सात्विक संगीत का वातावरण बने जो हरेक घर में सुनने को मिले। इस कार्य के लिए मुझे सबसे सहयोग भी मिल रहा है।

**अभ्यार्थियों की प्रस्तुति इस प्रकार रही:** दीप प्रज्वलन स्वर जागृति और वैष्णवी ने दिया। तत्पश्चात संगीत गुरु पुरुषोत्तम मिश्र के द्वारा तबला वादन हुआ। प्रतीक मिश्र ने गुरुवंदना (सारे तीरथ धाम) गाया, लव कुमार ने सरस्वती वंदना(हे मातु वीणा वादिनी) गाया, मनोज कुमार सिंह ने राग दुर्गा (दुर्गा मातु भवानी) और गजल 'निकलो ना बेनकाब' को प्रस्तुत किया। अदिती पाल ने 'कुछ लेना न देना मगन रहना, मास्टर अक्षत ने 'मातु पिता, पर एक गीत गाया। आयुष मिश्र ने 'कालू कमली वाले और जरा देर ठहरो राम गाया। वैष्णवी ने ठुमरी 'बरसन लागे सावन बुंदिया राजा, सुमन कुमारी ने 'आजु मिथिला नगरिया ने हाल सखिया, जुही ने 'ले चल अपनी नागरिया अवध बिहारी सांवरिया, गीत गाया, जबकि तबले पर संगति सुमन सिंह और गुरु पीठ के० मिश्र द्वारा की गयी। सहयोगी कलाकार को रूप में आल्टो पैड पर सुधांशु और आर्गन पर अमित ने बखूबी साथ देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में अपने उद्घोषणा द्वारा सफल संचालन श्याम नारायण पांडेय ने किया। ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से राजन ने अमूल्य योगदान दिया। मौके पर ललन सोनी और बीएसकेडी के निदेशक संजय सोनी भी उपस्थित थे।

## सांप काटने से अधेड़ की मौत

**चिनिया (आजाद सिपाही)।** चिनियां थाना क्षेत्र के गुरु सिंधु चौक निवासी शिवनाथ साव के पुत्र अनिरुद्ध प्रसाद साव की मौत मंगलवार को सांप काटने से हो गयी। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अनिरुद्ध सोमवार की रात्रि बाहर शौच करने के लिये निकला हुआ था। इसी दौरान सांप ने उसके पैर में काट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया। परिजनों के द्वारा उसे ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। इसके बाद परिजन उसे मेदिनीनगर अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी परिजनों को संतुष्टि नहीं मिलने के बाद उसे तुमेगड़ा अस्पताल ले गये। वहां भी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पिपरवार की 172 माइनर्स कॉलोनी में मोटर जलने से गहराया जलसंकट

# कॉलोनी के 40 क्वाटरों में पानी के लिए मचा हाहाकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित 172 माईन्र्स कॉलोनी मे मोटर जलने से पेयजल संकट गहरा गया है। जिसके कारण भीषण भरी इस गर्मी मे लोगो को काफी परेशानी हो रही है। मोटर जलने के कारण कॉलोनी के करीब 40 क्वाटरो मे पेयजल आपूर्ति बाधित है। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार 172 माईन्र्स कालोनी के क्वाटरो मे डीप बोरवेल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी, लेकिन पिछ्ले करीब 20 दिन पूर्व बोरवेल के अंदर लगा मोटर जल गया था, ग्रामीणो ने मोटर बदलने का प्रयास किया,लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जला हुआ मोटर उक्त बोरवेल मे फंस गया है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि इस कॉलोनी में एक भी कुआं और चापाकल नहीं है, जिसके कारण पानी के लिए लोग भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन को इस समस्या से अवगत कराया जिसके बाद प्रबंधन के द्वारा वैकल्पिक



व्यवस्था के रूप में बचरा साईडिंग से कॉलोनी में पानी सप्लाई की शुरूआत कराई गयी, लेकिन एक सप्ताह के बाद साईडिंग से भी कॉलोनी के पानी का कनेक्शन काट दिया गया। इस संबंध मे कॉलोनी के लोगो ने बताया कि कालोनी मे लगभग सभी सीसीएल कर्मचारी अपने आश्रितो के साथ रहते है, ऐसे मे पानी सप्लाई बंद होने से सीसीएल कर्मचारी एवं उसके आश्रितों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण भरी गर्मी में पानी की समस्या यहां के कर्मियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। कॉलोनी के लोग दुर दराज से पानी लाकर जीविका चला रहे हैं।

### कॉलोनी की महिला-पुरुष और बच्चों ने जताया विरोध

बचरा 172 माईन्र्स कालोनी मे पिछ्ले 20 दिनों से अधिक समय से पेयजल आपूर्ति बंद होने के कारण यहां रहने वाले सीसीएल कर्मचारी एवं उसके आश्रितों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भीषण भरी गर्मी में पानी का जुगाड़ नहीं होने से कॉलोनी के लोग पूरी तरह से परेशान है। मंगलवार को कॉलोनी की महिला/पुरुष और बच्चे कालोनी मे एकत्रित होकर इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विरोध प्रकट किया। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि कॉलोनी के बगल सीसील द्वारा बचरा साइडिंग चल रहा है,जिसमे कोयला ढुलाई और रैक लोडिंग से उत्पन्न धुल गर्द से लोग परेशान। वही ड्यूटी करने के बाद क्वार्टर आ रहे है सीसीएल कर्मचारियों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। कॉलोनी के लोगों ने स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन से इस समस्या के समाधान को लेकर गंभीर एवं ठोस पहल करते हुए कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बहाल करने की गुहार लगायी है।

### बुंडू में पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड मुख्यालय से सटे एदेलहातु पंचायत के छोटकोलमा गांव में पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा 2 सोलरयुक्त जल टंकियों का निर्माण कराया गया है। जिसमें एक टंकी में पानी सप्लाई हो रही है एक टंकी से 6 महीना से जल सप्लाई बंद है। छोटकोलमा में कुल 123 घर है, गांव में 5 चापाकल है, जिसमें 3 चापानल खराब पड़ा है, छोटकोलमा गांव की सहिया ज्योति देवी और ग्रामीणों ने बताया गांव के महिलाओं को पानी लाने के लिए एक किलोमीटर दूर डाड़ी कुआं से पीने का पानी लाने जाना पड़ता है। टंकी 12000 लीटर क्षमता का है टंकी की लागत 70 लाख 22 हजार से बना है, यह टंकी 2021-22 योजना से बना है। टंकी को बिना रंग किए हुए पूरा कर दिया। ग्रामीणों ने बताया टंकी से केवल गांव में 2 दिन केवल पानी सप्लाई हुआ है, उसके बाद बंद पड़ा है इसे लेकर ग्रामीणों ने संवेदक को जानकारी भी दिया गया। लेकिन संवेदक अनसुना हैं नल जल योजना के तहत इस टंकी का निर्माण रॉयल एजेंसी द्वारा किया गया है, जिससे ग्रामीण संबंधित विभाग से नाराज हैं। ग्रामीणों का कहना है लोगों को पानी की समस्याएं काफी हो रही है टंकियों का निर्माण कार्य जैसे तैसे पूर्ण करा दिया गया है । लेकिन बावजूद कि पानी की सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो रही है। ग्रामीण महिलाएं पानी के लिए ड़ाड़ी, कुआं से पानी लाने में विवश हैं। गांव में टंकी से घर तक फाइप बिछाया गया है परंतु नवनिर्मित टंकी का निर्माण छः माह से ज्यादा हो गया है लेकिन पानी की सप्लाई चालू नहीं की गयी है। मुखिया ने कहा संवेदक और विभाग की लापरवाही के कारण योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है।

## अर्जुन मुंडा ने भोलानंद तिवारी को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जनजातीय मामलों और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को दिवंगत सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता भोलानंद तिवारी के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। केंद्रीय मंत्री ने स्व तिवारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। मौके पर कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## पंच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** पंच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले अमलेशा मैदान तमाड़ में मुंडा स्पोर्टिंग आरहंगा और एफसी तमाड़ के बीच खेला गया। इस संघर्ष पूर्ण मुकाबले को एफसी तमाड़ ने 2-1 गोल से हराया। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर रहीं। मैच के 21 वे मिनट में जय उरांव और 60वें मिनट मे गोखेन मुंडा ने एफसी तमाड़ के लिए गोल की, जबकि 32वें मिनट में मुंडा स्पोर्टिग के लिए एक मात्र गोल लाल सिंह मुंडा ने किया। मैच का संचालन करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा और प्रेमचंद पूर्ति ने किया। मैच के दौरान निशांत भेंगरा, फागू राम मुंडा, खुदिया मुंडा, रितेश गुप्ता, महावीर पुराण, राजेश, श्रेया पूर्ती उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में चुनाव प्रचार में शामिल हुए विधायक समरीलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में खलारी प्रखण्ड क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान चलाया गया। चुनाव प्रचार में शामिल मुख्य रूप से कांके विधायक समरी लाल, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास कुमार दुबे, मंडल महामंत्री कार्तिक पांडेय, उपाध्यक्ष अजीत पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता खलारी मंडल के शांतिनगर, करकट्टा, चूरी, बीओसी कॉलोनी, भेलवाटांड़, राय कोलियरी सहित



चुनाव प्रचार अभियान के दौरान विधायक समरी लाल और भाजपा कार्यकर्ता।

अन्य जगहों पर घर-घर संपर्क कर मतदाताओं से भाजपा प्रत्याषी संजय सेठ को अधिक से अधिक वेट देंकर विजयी बनाने की अपील किया। मौके पर विधायक समरी लाल ने कहा कि देष में प्रचंड बहुमत के साथ एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। इस लिए रांची लोसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतो से विजयी बनाये। इस दोर्रान कार्यकर्ताओं ने अबकी बार 400 पार के नारे भी लगाये। प्रचार अभियान में मुन्नू सिंह, अमित तिवारी, ललन कुमार, झमन महतो, दलीप महतो, मुकेश यादव, सुभेंद्र कुमार सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बस पलटने से दर्जनों ग्रामीण घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** अड़की थाना क्षेत्र के तमाड़ खुटी पथ पर सिंदरी पुल के निकट खुटी से टाटा जा रही मोहन यात्री बस के पलट जाने से दर्जनों ग्रामीण घायल हो गये। ये घटना लगभग साढ़े नौ बजे की है एक बच्चे को बचाने के क्रम में यह हादसा हुआ। उन घायलों में से कुछ घ्याल का इलाज तमाड़ अस्पताल में किया जा रहा है। इनमें राजू सेठ तमाड़, मिथिला देवी, संगीता कुमारी, प्रणव, कविता कुमारी, कंचन कुमारी, संजीत कुमार, एनीलैप तांती, नीला देवी आदि शामिल है कुछ घायल को अड़की अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के समर्थन में निकाली बाइक रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** रांची लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के पक्ष में मतदान करने हेतु जेबीकेएसएस के सदस्यों ने विधानसभा स्तरीय बाइक रैली निकाल कर लोगों से हेलमेट छाप पर मतदान करने का अपील किया। बाइक रैली चौका हाई स्कूल मैदान से शुरू हो कर पातकुम, डुमटांड़, मिलन चौक, तिरुलडीह, कुकरू, सिरुम, हेसालोंग, झिमड़ी, आदरडीह, रघुनाथपुर होते हुए चांडिल में समाप्त हुई।

बाइक रैली का नेतृत्व केंद्रीय सचिव गोपेश महतो ने किया।वही उन्होंने कहा कि बाइक रैली के माध्यम से निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो को वोट देकर विजयी बनाने का अपील किया गया।

## जेबीकेएसएस ने खलारी के कई पंचायतों में किया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा मंगलवार को खलारी प्रखण्ड क्षेत्र के कई पंचायतो मे जन सम्पर्क अभियान चलाया गया। जिसमे रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो के पक्ष मे वोट मांगा गया। मुख्य अतिथि के रूप मे समिति के केंद्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष देवंती मुंडा, केंद्रीय संगठन मंत्री सनी तिग्गा, सदस्य जितेंद्र



राम, विजय महतो, सरवन महतो सहित कई लोग मौजुद थे। इस दौरान खलारी प्रखंड क्षेत्र के पाही, बमने, मनातु, डुंडू, पुरनीराय, गूनागढ़ा, राय बजार, राय बस्ती, चूरी, धवईयाटांड़, डकरा, खलारी, लपरा, धमधमीया, टिकेतरी सहित अन्य गांव मे जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट करने की अपील की गयी। इस जनसंपर्क अभियान में दीपक कुमार महतो, कुर्बान अंसारी, बीरबल महतो, तारकेश्वर महतो, रतिया गंझु, सोमरा मुंडा, लखन महतो, हरीश महतो, प्रमोद महतो, शंकर महतो, कृष्ण कुमार, प्रदीप मुंडा, संजय महतो, दिलीप महतो, राजेश महतो, भुवनेश्वर महतो, दिलेश्वर महतो सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संजय सेठ के पक्ष में आजसू ने वोट मांगा



**राहे/बुंडू (आजाद सिपाही)।** एनडीए भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान कराने को लेकर आजसू पार्टी राहे प्रखंड कमेटी ने मंगलवार को कई गांव में बैठक कर लोगों को मतदान करने की अपील की गयी। प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ के नेतृत्व में राहे, लोवाहातू, बसंतपुर पंचायत के कई गांव में ग्राम कमेटी, चूल्हा प्रमुख, महिला समिति और ग्राम प्रभारी के साथ बैठक कर प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में कमल फूल छाप में मतदान करने को कहा गया। बैठक में महिला मोर्चा के अध्यक्ष मीरा महतो, प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, पंचायत प्रभारी विशेश्वर अहीर, मंजुडा देवी, जयंती देवी, हलधर पांडे आदि मौजूद थे।

## पड़ोसी बिनोद मुंडा ने लोहराइन देवी की टांगी से काट कर हत्या की

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के बांध टोली गांव में एक महिला 60 वर्षीय लोहराइन देवी की उसके ही बगल में रहने वाले बिनोद मुंडा ने टांगी से मारकर हत्या कर दिया। घटना की सूचना नगडी पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पर पहुँची और गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए रिम्स ले गईं जहां उसकी रिम्स में इलाज के क्रम में मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार को दोपहर एक बजे वह अपने घर पर खाना खाने के लिए बैठी हुई थी तभी विनोद मुंडा ने टांगी से उसके सिर



पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। कुछ समय बाद ही रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बि फरार हो गया। इस संबंध में मृत महिला के पुत्र संजय मुंडा ने नगड़ी थाना में हत्या का केस दर्ज कराया है।

मृत लोहराइन देवी भरनो के अंबवा गांव की रहने वाली थी। वह पंद्रह वर्षों से नगड़ी के बांध टोली में रवि साहु के मकान में किराए पर रहती थी और राइस मिल में काम करती थी। दोपहर में वह घर खाना खाने बैठी हुई थी तभी विनोद मुंडा ने कुल्हाड़ी से मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। विनोद मुंडा चान्हो के खिजुर टोली गांव का रहने वाला है और छः महीने से वह भी रवि साहु के मकान में किराए पर रहता था। मंगलवार को सुबह दोनों में बहस हुई थी ।

## संयुक्त श्रमिक संगठन ने चुनाव ड्यूटी में जानेवाले कर्मियों के लिए जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** चुनाव के दिन जाने वाले सीसीएल कर्मी को कहीं हाजरी बनाने की जरूरत नहीं है। 24 मई दिन शुक्रवार को सुबह 6 बजे मोरहाबादी मैदान पहुंचना है जिनको सम्भव नहीं है वे एक दिन पहले 23 मई दिन बृहस्पतिवार को भी जा सकते हैं। सोमवार को संयुक्त श्रमिक संगठन द्वारा जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया गया कि चुनाव ड्यूटी में जाने वाले कर्मियों के खाते में ओ/डी बनेगी, क्योंकि 25 तारीख दिन शनिवार को चुनाव है और 26 तारीख को रविवार है इसलिये सभी चुनाव कार्य पर जाने वाले सीसीएल कर्मी यदि समय से लौट जाते है तो

**कर्मियों की बाइक तथा कोई भी भाड़ा की गाड़ी बुक करके चुनाव कार्य में जायेंगे**

रविवार को अपने अपने कार्य स्थल पर अपना हाजरी बना ले, और जिनको लौटने मे देरी होगी उनको तीन या चार दिन बृहस्पतिवार, शुक्रवार, षनिवार और रविवार को ओ/डी मिलेगी ताकि आर्थिक नुकसान ना हो। लेकिन अगर कोई भी सीसीएल कर्मी रविवार को अपने कार्य स्थल पर हाजरी नहीं बनाते है और रविवार को ओ/डी में ही रहते है तो उनको उस सप्ताह मे साप्ताहिक रेस्ट नहीं मिलेगी और उन्हे रेस्ट के दिन कार्य करना होगा जैसे रविवार को पीएचडी होने पर होता है। वहीं कहा गया कि जिन कर्मियों की अपनी गाड़ी हो जिनमें चार चक्का या बाइक तथा कोई भी भाड़ा की गाड़ी बुक करके चुनाव कार्य मे जायेंगे। उनको उसी अनुरूप पैसो का भुगतान कंपनी करेगी। उक्त सभी जानकारी संयुक्त श्रमिक संगठन के अमरभूषण सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, प्रेम कुमार, गोल्टेंन प्रसाद यादव, कृष्णा चैहान, डी.पी सिंह, शैलेन्द्र सिंह, हरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार सहित सगठन के अन्य प्रतिनिधियों के साथ मुख्य कार्मिक अधिकारी ज्योति कुमार की हुई बातचीत में तय होने के बाद दी गयी है। यह खबर सीसीएल कर्मी को चुनाव ड्यूटी पर जाने से पूर्व दी जा रही है।

## वोटिंग को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को वोटिंग होनी है। वोटिंग को लेकर प्रखंड स्तरीय तैयारी पूरी कर ली गयी है। मतदान कर्मी सीधे अपने बुथ पर पहुंचेंगे। इसके लिये बुथ में साफ सफाई के साथ बिजली, पानी, शौचालय को तुरुस्त किया गया है। सोनाहातू प्रखंड में 81 बूथ है जिसमें 10 बुथ को क्रिटिकल बुथ के श्रेणी में रखा गया है। कुल मतदाता 62003 है जिसमें महिला 31000और पुरुष 31003 है। सबसे अधिक मतदाता मध्य विद्यालय चोकाहातू बुथ 275 में है यहां 1462 मतदाता है। राहे प्रखंड में 55 बुथ है। जिसमें 24 बुथ क्रिटिकल है।

कुल मतदाता 44560 है। जिसमें महिला 22494 तथा पुरुष मतदाता 22065 है, 1अन्य मतदाता है। सबसे अधिक मतदाता मध्य विद्यालय पुरानानगर बुथ 177 में है यहां 1184 मतदाता है।

## यशस्विनी सहाय की जीत के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क चला कर वोट मांगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष सोमवार को खलारी प्रखंड क्षेत्र के हुटप पंचायत के कृत धौड़ा, बुकबुका पंचायत, तुमांग पंचायत के धमधमिया, मायापुर पंचायत के छापर तथा राय कोलियरी में इंडिया गठबंधन नेताओं और कार्यकर्ताओं नें जनसपंर्क अभियान चलाया। इस दौरान सभी जगहों पर लोगों के साथ बैठक कर और घर-घर



जाकर इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गयी। साथ ही इंडिया गठबंधन नेताओं ने जनसमूह को बताया कि मोदी सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं का शोषण चरम पर है। इस बार पूरे देश की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। कांग्रेस पार्टी के साथ पूरे देश के किसान, मजदूर, युवा और महिलाएं खड़ी है।

वहीं यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी की अपील किया गया। जनसंपर्क में मुख्य रूप से बिगन सिंह भोगता, राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू, इंदिरा देवी, जालिम सिंह, साबीर अंसारी, अनिल पासवान, इस्माइल अंसारी, विक्की सिंह, इसराइल अंसारी, नीरज उरांव, गंगा महली, रंजीत सिंह, बाबू खान, अख्तर अंसारी, मारुति देवी, अनिता पासवान, सुधा झा, अनिता देवी, लेली स्टेला, राज सिन्हा, सागर राम सहित कांग्रेस, राजद, झारखंड मुक्ति मोर्चा, सरना समिति, विस्थापित मोर्चा के कार्यकर्ता शमिल हुए।

## यशस्विनी सहाय के पक्ष में अगरवा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के नवाडीह शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में अगरवा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। शिवनारायण लोहरा ने लपरा पंचायत के अगरवा गांव में जनसपंर्क अभियान के माध्यम से इंडिया गठबंधन रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को वोट देने की अपील की गयी। इस मौके पर विकाश लोहरा, प्रसाद मुंडा, बैजनाथ मुंडा, गायत्री देवी, परदेशिया देवी, मुनिया देवी, मंगल मुंडा, विखा मुंडा, राजिंद्र मौजूद थे।

# देश को मजबूर नहीं, मजबूत सरकार चाहिए : संजय सेठ



**सशक्त भारत निर्माण के लिए स्वयं वोट करें और लोगों को भाजपा को वोट देने के लिए प्रोत्साहित करें : जैलेंद्र कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिल्ली विधानसभा अन्तर्गत अनगड़ा प्रखंड के सुरसू पंचायत के सिंगारी गांव में मंगलवार के दिन भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने एक जन सभा को संबोधित किया किया। अपने सम्बोधनमें कहा कि भाजपा सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार गांव टोला से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के विकास कार्यों को गती दिया है। आज प्रत्येक जगह देखने को मिलता है। आप सबों से अपील है कि पुनः एक बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के पद पर आशिन करने हेतु कमल फूल छाप पर अपना बहुमुल्य वोट डालकर विजय बनाने का कार्य करें। अगर आप सबों का आशीर्वाद मिला तो जितने अधुरे स्वपने हैं पूरा किया जायेगा। साथ ही पूर्व ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष जैनेंद्र कुमार ने मोदी सरकार के कार्यों के साथ-साथ सिल्ली विधायक द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों का भी लोगों को स्मरण कराये और कमल फुल छाप में वोट देकर अपने प्रत्याशी संजय सेठ को विजय बनाने की अपील की। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि सशक्त भारत निर्माण के लिए स्वयं वोट करें और लोगों को भाजपा को वोट देने के लिए प्रोत्साहित करें। मौके पर एसटीमोर्चा महामंत्री बुधराम बेदिया, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा झारखंड सत्यदेव मुंडा, अखिलेश सिंह, सुनील महतो, शिवधर रजवार, नंदलाल राम, सुरसू मुखिया पति श्यामसुंदर बेदिया, दिनदयाल बेदिया, धर्मदेव रजवार, फागु रजवार, धनेश बेदिया, अरूण बेदिया, राजु रजवार, बिरबल रजवार, बाबूलाल बड़ाईक, सोमरा उर्फ, मोहन बेदिया, बुधराम बेदिया, सुखराम बेदिया, महीराम बेदिया, सरधु बेदिया, कोशिला देवी, रोनिन कुमारी, सविता देवी, कार्तिक बेदिया, लखिचरण बेदिया, लेदा बेदिया, महीराम बेदिया, गिलू बेदिया, शिबु बेदिया, दिलीप, सोहरैया बेदिया आदि उपस्थित थे।

## संजय सेठ ने नामकुम में की पदयात्रा, मांगा वोट



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची से भाजपा सांसद सह प्रत्याशी संजय सेठ ने मंगलवार को नामकुम बाजार महाराणा प्रताप चौक से सदाबहार चौक, लाल साहब बागान होते हुए विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान सांसद सेठ ने कहा कि आज भारत विकसित भारत के श्रेणी में खड़ा है। आज का भारत आत्मनिर्भर भारत है। आज का भारत हाथ फैलाने वाला भारत नहीं, बल्कि दूसरों को देने वाला भारत है। आज सैन्य शक्ति में दूसरे देशों के मुकाबले में हम उनसे पीछे नहीं है। आज का भारत आंख में आंख डालकर बात करने वाला भारत है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा लोकतंत्र के इस पर्व में सभी 25 तारीख को अपना मतदान राष्ट्र के निर्माण के लिए करें और देश को और मजबूती प्रदान करें। पदयात्रा का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे रास्ते अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार व जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। पदयात्रा में मुख्य रूप से अरुण झा, मनोज कुमार सिंह, अरुण तिवारी, बिक्कू सिंह, अजय मुंडा, शारदा देवी, प्रकाश भारती, कृष्ण कुमार, आनंद, विकास कुमार, अनिल सिंह, संदीप कुमार, शिवनारायण प्रसाद आदि लोग शामिल थे।

# कांके अंचल के रोल, मुरूम, एकंबा गांव के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का फैसला



**सीओ जय कुमार राम ने ग्रामीणों से वार्ता की और अपने मताधिकार का प्रयोग करने को आग्रह किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** अंचल क्षेत्र के रोल,मुरुम व एकंबा के गुस्साये ग्रामीणों ने मंगलवार को वोट बहिष्कार करने का फैसला लिया। कांके अंचल कार्यालय के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। मुरुम चौक में बैठक कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि रोल, मुरुम और एकंबा मौजा का खतियान व पंजी 2 आनलाइन आज तक नहीं किया गया है, जिससे यहां के रैयतों को जमीन खरीद बिक्री व दाखिल खारिज के लिये परेशानी झेलना पड़ रहा है। कहा जबतक आनलाइन खतियान नहीं चढ़ता वे वोट का बहिष्कार करेंगें। ग्रामीणों का कहना था कि सांसद विधायक गांव के वोट से चुनकर संसद और विधानसभा पहुंचते हैं लेकिन ग्रामीणों की बातों को चुनाव बाद भूल जाते हैं वही अंचल कार्यालय जाने पर भी हम लोगों की बातों को नजर अंदाज कर दिया जाता है। चुनाव के बहिष्कार मिलने के बाद सीओ जय कुमार राम व हल्का कर्मचारी दुर्गेश मुंडा ग्रामीणों से मिलने रोल गांव पंहुचे.सीओ ने ग्रामीणों से कहा आप अपने मताधिकार का प्रयोग करें। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आप सभी खतियान और पंजी 2 से संबंधित शिकायत लेकर दूसरे दिन पंहुचे। पंजी 2 जिसका पेमेंट आप्शन नहीं आ रहा है, उसका निराकरण दो दिन के भीतर कर दिया जायेगा। सीओ ने बताया कि जब आनलाइन की प्रक्रिया शुरू की गयी थी। तब रिकार्ड रुम में तीनों मौजा के मूल खतियान फटा पाया गया था। जिस कारण उनलोगों का खतियान आनलाइन नहीं हो पाया था। उन्होंने ग्रामीण रैयतों से सभी संपूर्ण दस्तावेज के साथ अंचल कार्यालय में जमा कराने को कहा है। उसके बाद वरीय पदाधिकारियों और भू राजस्व विभाग को सूचित कर उनका खतियान व पंजी 2 की आनलाइन की प्रक्रिया जल्द शुरू करा दी जायेगी।

## सीआइटी की छात्रा ने संस्थान का किया नाम रोशन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआईटी के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनिरिंग विभाग के फाइनल इयर की छात्रा दिव्या त्रिपाठी ने मदन मोहन मालवीय प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर द्वारा आयोजित 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर संस्थान का नाम रोशन किया। दिव्या ने अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अपने बीटेक फाइनल ईयर के प्रोजेक्ट सर्कुलर कॉन्सेट्रीक अरे एंटीना सिंथेसिस पर आधारित शोधपत्र प्रस्तुत कर मल्टीभर्ष ऑप्टिमाइजेशन एलगोरियम के प्रयोग से सर्कुलर अरे एंटीना के रेडीएशन परफॉरमेंस को बेहतर बनाने का दावा किया है। जिसे विशेषज्ञयों ने काफी सराहा है। बता दें कि विश्वविद्यालय द्वारा 17-18 मई को दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन माइक्रोवेव एंड वायरलेस टेक्नोलॉजी विषय पर कांफ्रेंस आयोजित किया गया था। जिसमें छात्रा ने भाग लिया। प्रोजेक्ट गाइड के रूप में संस्थान के ईसीई विभागध्यक्ष डॉ के पी दत्ता ने छात्रा का मार्गदर्शन किया। उपरोक्त छात्रा का कैंपस सलेक्शन हो चूका है और वो इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद के निर्माण से जुड़ी दिग्गज कंपनी कर्रियर माईडिया कंपनी में 1 जुलाई से अपना योगदान करेगी। संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने छात्रा को उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## स्व. दुर्गा सोरेन की 15वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आंदोलनकारी व पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन की 15वीं पुण्यतिथि मंगलवार को लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन चौक पर धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान स्व. दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि दुर्गा सोरेन जी का असमय चले जाना हमलोगों के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन में उनका अहम योगदान रहा, उनके पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए उनको याद करते है और उनके दिखाये रास्ते और किये गये कार्यों पर चलने का संकल्प लेते है। इस मौके पर मुख्य रुप से विनोद पांडे, मुस्ताक आलम, वीरु साहू, विलियम रिचर्ड लकड़ा, मंटू लाला, अमन केरकेट्टा, अभय तिग्गा, विक्की मुंडा, दीपक एक्का, जॉनी मिंज, सुनीता, सीमा आदि उपस्थित थे।

## मारुति मंगल परिवार ने चलाया जागरूकता अभियान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर आगामी 25 को रांची लोकसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मारुति मंगल परिवार के सदस्यों ने मंगलवार को रांची जिला के ओरमांझी, नामकोम, पिठोरिया, अनगड़ा, रातू,नगड़ी सहित कई प्रखंड के गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।इसके तहत परिवार के सदस्यों ने लोगों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़े इसके लिए मारुति मंगल परिवार के सदस्य मतदाताओं के बीच जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वहीं संगठन सचिव सुमेश कुमार महतो ने कहा कि मतदान सभी के लिए जरूरी है।मतदान के दिन सभी काम को छोड़कर मतदान करना चाहिए। इस दौरान मतदाताओं से यह अपील की, कि वह स्वतंत्र रूप से अपने मत का प्रयोग आगामी 25 मई को अवश्य करें।

# आरटीसी पब्लिक स्कूल में कराटे प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को पखड में पहली बार समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय, यूपीएस मल्टी जीपीएस तरगड़ी तथा यूमस रहमतनगर के कुल 220 बच्चों ने भाग लिया। कैंप में बच्चों ने रचनात्मक रूप से शिक्षात्मक ज्ञान को गतिविधि के द्वारा सीखा। कैंप में खेल-खेल में गतिविधि कर अपने मस्तिष्क में चल रहे विचार को प्रस्तुत किया। जिसमें पेंटिंग क्ले पिक्चर, हिंदी की कहानी तैयार करना नाटक तथा अखबार तैयार करना सिखाया गया। एक से तीन वर्ग तक के बच्चों को गीली मिट्टी से अपने हाथ से मुक्त रूप से ज्ञान को मूर्त रूप देना चार-पांच तथा 6 वर्ग के बच्चों की हिंदी कहानी तैयार करना साथ ही साथ नाटक तैयार करना सिखाया गया। वहीं 7 से 8 वर्ग के बच्चों को अखबार तैयार करना सिखाया गया। कल बुधवार को सभी तैयारियां को प्रदर्शित किया जायेगा। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी के द्वारा यह बताया गया कि बच्चे गर्मी की छुट्टी में घर में यूं बैठे रह जाते हैं और उन्हें जब विद्यालय खुलता है तो उन्हें पढ़ाई में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से राजेश राम, जैनेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, रोहित कुमार एवं दिनेश प्रजापति तथा लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, जतरी कुजूर उत्तोतमा कुमारी शोभा, सुनीता तिर्की, अंजुला कुमारी, मनिलांग, मोहम्मद सज्जाद, रुखसाना, सहित सीआरसी कमी उपस्थित थे।

# यशस्विनी सहाय के समर्थन में गारंटी कार्ड का किया गया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मंगलवार को आम ग्रामीण मतदाताओं के बीच इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने नामकुम क्षेत्र के बरगावां पंचायत और पाहन टोली में प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की माता रेखा सहाय उपस्थित थी। उन्होंने ग्रामीणों से हाथ छाप पर वोट देने की अपील की। कहा कि रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय का चुनाव चिन्ह हाथ छाप पर इवीएम में दो (02) पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनायें। वहीं, मंच का संचालन करते हुए कांग्रेसी नेता किरण सांगा ने कहा कि देश में महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों के साथ समाज के अन्य वर्गों के विकास और उत्थान के लिए कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की जरुरत है। साथ ही इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी के द्वारा घोषणा-पत्र में जारी इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी भर्तियां, हर वर्ष करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में 1 लाख, मनरेगा मजदूरों की 400 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी लागू करने आदि अन्य घोषणाओं से संबंधित गारंटी कार्ड मतदाताओं के बीच वितरण किया गया। मौके पर वार्ड 47 की पार्षद कविता सांगा, किरण सांगा, सुंदरी तिर्की, रजनी कच्छप, मीनू सिंह, अर्चना मिश्रा, विजय टोप्पो, मुरलीधर, अनु बेक, आकास पाहन, सुनील मुंडा, अनिल मुंडा, बादल सांगा, कल्पना भगत, मेरी तिर्की, जयराम ठाकुर, श्याम मुंडा, प्रमोद कुमार, विश्वनाथ मुंडा, प्रवीण कच्छप, राजेंद्र कच्छप, राजेश सांगा आदि उपस्थित थे।

# बेड़ो के टेरो में मंडा पूजा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सन्नी टोप्पो।

**बेड़ो।** प्रखंड के टेरो गांव में मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठानों व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा संपन्न हो गया। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों में लोटन सेवा, धूंआ सूआं, फूलखूंदी, झूलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि मंडा पर्व आस्था का बड़ा महापर्व है। उन्होंने कहा कि मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। यह आस्था और भक्ति का प्रतीक है। जलते अंगारों में चलकर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं। मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं। वहीं शाम से रात भर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जनमानस को झूमने पर विवश कर दिया। वहीं मौके पर बतौर अतिथि नवदीप महतो, चंद्रकिशोर उरांव, महादेव कुजूर, पूर्व मुखिया बिरसा उरांव, पंसस सुके उरांव, ग्राम प्रधान बिरसा उरांव, पहान मंगा उरांव, नंद महतो, संजय गोप, राजेश उरांव, ललन, रंजन गुप्ता, महिंदर बड़ाईक आदि मौजूद थे। मंडा पूजा को सफल बनाने में अरुण सिंह, रितांशु बड़ाईक, ललन लोहरा, सहिंद्र लकड़ा, महादेव उरांव, दिनेश बड़ाईक, राम विजय सिंह, गोपाल सिंह, अजय, अजय, चंदन और सरवन महली आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# आरटीसी पब्लिक स्कूल में कराटे प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा ।** उत्कल कराटे स्कूल झारखंड शाखा की ओर से मंगलवार को आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा, संत एलोयसिस स्कूल, संत मैरी स्कूल और वेथनी कॉन्वेंट स्कूल राजाउलातु के करीब 100 कराटे छात्र - छात्राएं शामिल हुए। शिविर का उद्धघाटन आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा के निदेशक डॉ रुद्र नारायण महतो, आरटीसी स्कूल फुरहाटोला केदल के प्राचार्य सुरेश प्रसाद एवं आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर निदेशक डॉ रुद्र नारायण महतो ने कहा कि अभी के समय में कराटे का प्रशिक्षण सभी वर्ग के लोगों को प्राप्त करना चाहिए ताकि वे स्वयं का आत्मरक्षा करने के साथ दूसरों का भी आत्मरक्षा कर सकें। इससे शारीरिक रूप से चुस्ती फुर्ती मिलती है और हमेशा निरोग बने रह सकते हैं। सुरेश प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कराटे प्रशिक्षण में भाग लेने से बच्चा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से आने वाले समय में आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा के छात्र-छात्रा राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर अयोजित प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए अपने आपको तैयार कर सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ रुद्रनारायण महतो ने किशोर कुमार महतो, हिमांशु कुमार महतो और रौनक करमाली को बेल्ट व प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। शिविर में उत्कल कराटे स्कूल झारखंड के चीफ एग्जामिनर सेंसाई महादेव गोप, बोकारो से नकुल यादव, गिरिडीह के पंकज कुमार यादव, धनबाद जिला के महिला प्रशिक्षक पायल कुमारी, हजारीबाग जिला के प्रशिक्षक विक्रम कुमार नायक, एवं राष्ट्रीय कराटेकार सुमित कुमार महतो के द्वारा बच्चों को काता एक्सो, कुमिते, रंधोरी, जूनियर काता, सितेय काता सहित अन्य तकनीक सिखाये गये।

## क्रशर खदान से युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के महलीहुडु अनगड़ा स्थित बंद पड़े क्रशर खदान से एक अज्ञात युवक की लाश बरामद की है। लाश की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पायी है। पुलिस ने लाश को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। युवक के सिर और पीठ में गहरे जख्म के निशान पाये गये हैं। इससे यह आशंका जतायी जा रही है कि सोमवार की देर रात हत्या करने के बाद साक्ष्य छुपाने के लिए उसके शव को खदान में फेंक दिया गया। थानेदार चमरा मिंज से पूछे जाने पर बताया कि शव की पहचान नहीं हो सकी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद हीं कुछ कहा जा सकता है।

# मोबाइल लूटकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के मांडर बेड़ों पथ पर 15 मई बुधवार के दिन तीन लड़कियों के साथ हुई मोबाइल लूटपाट की घटना पर कार्रवाई करते हुए बेड़ो पुलिस ने मोबाइल लूट कांड में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। जहां बेड़ो प्रखंड के सेमरा गांव निवासी ममता कच्छप अपनी एक अन्य सहेली के साथ रांची से आ रही थी। वे अपनी चचेरी बहन को लेने के लिए वह केशा मोड़ 15 मई को रात में करीब 8:15 बजे पहुंची थी।इसके बाद ममता कच्छप ने अपनी चचेरी बहन को रिसीव करने के बाद तीनों एक साथ अपने गांव सेमरा जा रहे थे। इसी दौरान केशा मोड़ स्थित कोल्ड स्टोर के समीप पीछे से आ रहे बाइक पर सवार तीन युवकों ने पहले उन्हें रास्ते में रोक कर नाम पता पूछने लगे और मौका देखकर तीनों लड़कियों के पास से दो मोबाइल को लुटकर और एक अन्य मोबाइल को भी लूटने का प्रयास करने लगे। इसके बाद लड़कियों के हल्ला करने के बाद तीनों लुटेरे अपने बाइक के साथ दो मोबाइल लेकर भाग निकले। इधर घटना के बाद ममता कच्छप ने बेड़ो थाना पहुंचकर बाइक सवार तीन अज्ञात मोबाइल लुटेरे युवकों के खिलाफ लिखित आवेदन कार्रवाई हेतु दिया। इसके बाद बेड़ो थाना में कांड संख्या 49/24 आईपीसी की धारा 392/ 354/ 506/34 के तहत मामला दर्ज कर बेड़ो थाना प्रभारी नकुल शाह ने एसआई रोशन कुमार के साथ मिलकर गुप्त सूचना के आधार पर मोबाइल लूटकांड को लेकर केशा गांव में छापामारी अभियान चलाया। जहां बेड़ो पुलिस ने मोबाइल लुड कांड में तीन युवकों को गिरफ्तार किया। जहां गिरफ्तार तीनों युवकों में क्रमशः मोहसिन राय, कैस आलम उर्फ भूषण और साहिल राय ने पूछताछ के दौरान पुलिस के समक्ष मोबाइल लूट कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। वहीं बेड़ो पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर लूट के दो मोबाइल फोन बरामद किये।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, तभी बेरोजगारी का सपना दूर होगा: देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** जब तक बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी तब तक अच्छा रोजगार भी नहीं मिलेगा और परिवार का आर्थिक सशक्तिकरण भी संभव नहीं होगा। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के दरमीटोली में मंगलवार को सामाजिक बैठक के दौरान पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कही। देव कुमार धान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की कोई रौशनी भी नजर नहीं आती। हमें अपने बच्चों की शिक्षा को अभी तक गंभीरतापूर्वक नहीं लिया है। वहीं जिनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिली ऐसे परिवारों की दशा और दिशा बदल गयी। अच्छी और गुणवत्ता युक्त शिक्षा के माध्यम से ही बेरोजगारी दूर होगी। ग्रामीण इलाकों में अच्छे शैक्षणिक संस्थानों की कमी है। पढ़ाई के नाम पर शैक्षणिक संस्थानों से डिग्री के रूप में औपचारिकताएं मिल रही है। हमारे बच्चे जैसे तैसे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिससे किसी भी तरह का कोई परिवर्तन समाज में नहीं होगा और हम पिछड़े ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासियों और गैर आदिवासियों दोनों वर्ग के बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल रही क्योंकि हमारी और आपकी प्राथमिकता शिक्षा और रोजगार नहीं है। उन्होंने कहा कि विचारों में क्रांति की जरूरत है। जब तक क्रांति नहीं होगी हमें और हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसानों को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी नीतियों की जरूरत है। आज किसान अपने ही फसलों को औने-पौने दाम मे बेचने को मजबूर हैं।

# स्वर्गीय लाल बाबू के नाम चौक होगा : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर कल अपने शहर लौटने के साथ स्वर्गीय लाल बाबू के आवास पर जाकर उनके पत्नी व बच्चों से मिली और अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि लाल बाबू के साथ काम करने का मुझे अवसर मिला था, वह हमेशा मुझसे मिलकर अपने वार्ड के विकास की बात किया करते थे। उनका सपना था कि उनके वार्ड का चौमुखी विकास हो। लाल बाबू मेरे छोटे भाई के समान थे। उनकी याद और जनहित के कार्य हमेशा हम सबों को उनकी याद करायेगी। प्रथम महापौर ने कहा कि उनके याद में उनके वार्ड का किसी प्रमुख चौक का नाम 'स्वर्गीय लाल बाबू स्मृति चौक' उनके ब्रह्मभोज के दिन उनके वार्ड की जनता और हम सभी पार्षद गण के साथ मिलकर तय करते हुए नारियल फोड़कर नामकरण करेंगे। जिसे अगले बोर्ड में नोटिफाई करा दिया जायेगा। यही मेरी उनके वार्ड की जनता और मेरे पार्षदों की उनके याद को बरकरार रखने के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# खाताधारक से पॉकेटमारों ने उड़ाये 29, 500 रुपये



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के स्थानीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा से अपने खाते से रुपये निकाल कर बाहर निकले बैंक उपभोक्ता के पॉकेट से पॉकेटमारों ने 29,500 रुपये उड़ा लिये। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के सरहु गांव निवासी अर्जुन राम ने एसबीआई की मुख्य शाखा में अपने खाते से तीस हजार रुपये निकालकर एक हार्डवेयर दुकान के समीप सामान की खरीदारी कर रहे थे। इसी क्रम में पॉकेटमारों ने पॉकेट से सारे पैसे उड़ा लिए। इस घटना की सूचना अर्जुन राम के द्वारा हुसैनाबाद थाना को दे दी गयी है। उपभोक्ता ने बताया कि वह लिये गये कर्ज को चुकाने के लिए बैंक से 30,000 हजार रुपए की निकासी किया था। जिसमें 500 रुपये की खरीदारी की थी। इधर हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि खाताधारक के द्वारा लिखित शिकायत मिली हैं, इस बिंदु पर पुलिस मामले की गहनता से छानबीन में जुट गयी है।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# टीपीसी नक्सली ने ग्रामीणों को पीटा

**दस्तक के सदस्य के साथ था वाद विवाद, मारपीट मे पांच लोग जख्मी**

**यह घटना पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के सैलाया खुर्द गांव की है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू)।** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सैलया मे टीपीसी नक्सलियों के द्वारा ग्रामीणों की पिटाई की गयी है। आपसी वाद विवाद को लेकर यह घटना की अंजाम दिया गया। पुलिस मामले मे कार्रवाई कर रही है। आगे बताते चलें कि पलामू मे प्रतिबंधित नक्सली तृतीय सम्मेलन प्रस्तुत कमिटी ने आपसी रंजिश ने ग्रामीणों को पीटा है। यह घटना पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के सैलाया खुर्द गांव की है। मारपीट मे पांच लोग जख्मी हुए है, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, इलाज के बाद सभी ग्रामीणों ने अपने घर के लिए लौट चुके है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने इलाके मे सर्च अभियान शुरू किया है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना सोमवार की रात करीब नौ बजे रात्रि की है। टीएसपीसी ने ग्रामीणों की पिटाई के बाद फरार हो गये है। नक्सली ने महिला के पिटाई नहीं की है, ग्रामीणों ने बताया इस घटना मे सैलाया खुर्द गांव की रहने वाला जीतेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने हाल मे ही नक्सली दस्तक मे शामिल हुए था।जख़्मी लोगों मे लल्लू सिंह और उसके पुत्र जय श्री राम और भतीजा प्रेम शंकर सिंह के साथ मारपीट की मामला उजागर हुआ है। जख्मी लोगों का जीतेंद सिंह के साथ पुराना वाद विवाद रहा है। सभी जख्मी के इलाज छतरपु पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल में करवाया गया है। पलामू पुलिस अधीक्षक रिषमा रमेशन ने बताया कि आपसी वाद विवाद को लेकर पिटाई की गयी। जितेंद्र सिंह कुछ दिन पहले ही तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति के दस्तक मे शामिल हुआ है। घटना की जानकारी के बाद नौड़ीहा बाजार पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला छानबीन कर रही है। पूरे मामले में ग्रामीणों के बयान के आधार पर नक्सलियों के खिलाफ नौड़ीहा बाजार थाना मे प्राथमिकी दर्ज की गयी।

# राजीव गांधी देश के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत : बिट्टू पाठक

**प्रार्थना सभा में सब ने कहा कि पूरे देशवासियों के दिल में धड़कते हैं और बसते हैं स्वर्गीय राजीव गांधी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माला फूल अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित की और कांग्रेस जनों ने उनके पुण्यतिथि पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि राजीव गांधी 21वीं सदी के भारत के निमार्ता थे। उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किया, जिसका लाभ देशवासियों को मिल रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति ले आयें, 18 वर्ष के युवाओं को मत देने का अधिकार देकर युवाओं के हृदय सम्राट बन गये। गांव को सशक्त बनाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू किया। शिक्षा का आधुनिकरण किया, भारत को कंप्यूटर युग में प्रवेश कराया। राजीव गांधी अपने प्रधानमंत्री काल में कई बड़ी योजनाओं को लागू किये थे। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी को झारखंड की जनता हमेशा याद रखेगी। राजीव गांधी के बिना यह देश की कल्पना करना अधूरी है। देश अगर आधुनिकरण हुआ है इसका देन स्वर्गीय राजीव गांधी का है। पूरे देशवासियों के दिल में धड़कते हैं और बसते हैं राजीव गांधी। इस मौके पर प्रमुख रूप से शमीम अहमद राईन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, गिरजा राम, राजेंद्र अग्रवाल, इंदु भगत, अजय साहू, नसीम खान, रामानंद पाठक, अनिल सिंह, मुकेश सिंह, अशोक पासवान, उमेश यादव, अखिलेश मांझी, भूमिती नारायण पाठक, मनोज चंद्रवंशी इत्यादि लोगों उपस्थित थे।

# जपला स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



टिकट चेकिंग अभियान में शामिल रेल पदाधिकारी व आरपीएफ जवान

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है और इसकी रोकथाम के लिए निरंतर अभियान जारी है। ताकि उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नही करना पड़े। इसी कड़ी में डीडीयू रेलमंडल के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रविरंजन सिंह व मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा के नेतृत्व में मंगलवार को जपला रेलवे स्टेशन परिसर में विभिन्न ट्रेनों व प्लेटफार्म पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। 21 मई की छह बजे सुबह से यह अभियान शुरू हुआ, जो रात्रि 10 बजे तक चलाया जायेगा। इस दौरान बेटिकट समेत रेलवे एक्ट के उल्लंघन के आरोप में 30 लोगों को पकडा गया। इनसे लगभग 10 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर, बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर, सोननगर-बरवाडीह सवारी गाड़ी समेत कई अन्य ट्रेनों में टिकट जांच की गयी। महिला व दिव्यांग डिब्बे में अनाधिकृत रूप से सफर कर रहे लोगों से भी जुर्माना वसूला गया। मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एक्सप्रेस ट्रेनों के आरक्षित और अनारक्षित कोचों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के अलावा यात्रियों के बीच जागरूकता पैदा करना है, ताकि वह वैध टिकट के साथ यात्रा करें। मेगा जांच अभियान में मुख्य टीटीई आशीष कुमार, माल पर्यवेक्षक सचितानंद सिंह, आरपीएफ के पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

# पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन खोरधारोड का समर कैंप शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड, रेलवे कर्मचारियों और गैर-रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खोरधारोडमें एक समर कैंप का आयोजन कर रहा है, ताकि गर्मी की छुट्टी के दौरान बच्चों की शारीरिक, मानसिक और नैतिक क्षमताओं को बढ़ाया जा सके।

एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक और शुभ्रज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक, हिमाद्री भूषण बिस्वाल, खेल अधिकारीऔर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, खोरधारोड और अन्य शाखा अधिकारीकी उपस्थिति में समर कैंप का उद्घाटन किया। समरकैंप 11 दिनों तक यानी 21 से 31 मई तक जारी रहेगा। समर कैंप के दौरान पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए बास्केटबॉल, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तैराकी और योग जैसी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त तायक्वों-डो मार्शल आर्ट के माध्यम से आत्मरक्षा तकनीकों का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस समर कैंप में 60 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। मोहम्मद जकीरुद्दीन,खेल सचिव और उनकी टीम बच्चों के कार्यक्रमों का समन्वय करेगी।

# सम अल्टीमेट मेडिकेयर में गर्भाशय धमनी एंबोलिजेशन का संचालन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सम अल्टीमेट मेडिकेयर डॉक्टरों द्वारा एक मोटी महिला पर एक सफल गर्भाशय धमनी एंबोलाइजेशन (यूएइ) प्रक्रिया की गयी है। महिला के गर्भाशय में कई फाइब्रॉएड विकसित हो गये थे और रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव की समस्याओं के साथ अस्पताल आयी थी। हालांकि उनके शरीर में अन्य समस्याओं के कारण सर्जरी आसान नहीं थी, लेकिन यह एक सुरक्षित और न्यूनतम आक्रामक प्रक्रिया के साथ संभव थी और गर्भाशय और अंडाशय को नहीं हटाना पड़ा। प्रक्रिया के दौरान रोगी को कोई दर्द नहीं हुआ।

सम्मम में पहली बार की गयी प्रक्रिया, सोमवार को पीवीए कणों और जेल-फोम एम्बोलाइजेशन के साथ आयोजित की गयी, जो उन रोगियों में गर्भाशय फाइब्रॉएड के प्रबंधन में एक नया मील का पत्थर है, जो सर्जरी के लिए उपयुक्त नहीं हैं या जो सर्जरी का विकल्प चाहते हैं। यूएइ एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें छोटे कणों को गर्भाशय तक जाने वाली रक्त वाहिकाओं में इंजेक्ट किया जाता है, जो फाइब्रॉएड में रक्त के प्रवाह को रोक देता है और इसे सिकुड़ने का कारण बनता है। डॉ संबित कुमार पटनायक एसोसिएट कंसल्टेंट, वेस्क्युलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग, सम्मम द्वारा उपचार किया गया और रोगी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है।

# पलामू को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए रोडमैप तैयार



**देश स्तर के कार्यशाला में अग्रगति ने लिया भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला को 2030 तक बाल विवाह का खात्मे के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। रोडमैप तैयार करने के लिए ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्व अभियान के करीब दो सौ से भी अधिक सहयोगी संगठन देश की राजधानी नई दिल्ली में जमा हुए। जिसमे सक्रिय समाजिक संस्था अग्रगति ने पलामू जिला से भाग लिया। यहां बारी बारी से अपने अपने जिला में बाल विवाह की स्थिति को साझा किया गया। कार्यशाला में मिले विचारों से उत्साहित पलामू में काम कर रहे अग्रगति आश्वस्त है कि वह जिले को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बना देगा। उक्त बातें अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी मंगलवार को कहा। उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि बाल अधिकारों के लिए काम कर रहे हमारे जैसे तमाम संगठन बाल विवाह के खात्मे के साझा लक्ष्य के लिए साझा प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यशाला में हमने इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए नये और लक्ष्य केंद्रित करना सीखा। इस नये रोडमैप के साथ हम जमीनी स्तर पर नये विचारों पर अमल में सक्षम होंगे और राज्य और अपने जिले में बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति करेंगे। हम अपने जिले में पंचायतों, जिला परिषदों और पंचों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। जमीनी स्तर पर जनजागरूकता अभियानों और कानूनी हस्तक्षेपों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि लोगों में नैतिक जवाबदेही का भाव पैदा करने के अलावा उन्हें इस बाबत जागरूक किया जा सके कि बाल विवाह अपराध है। उन्हें इस गैरकानूनी काम के नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में चले मंथन के बाद 2024-25 के लिए अभियान के रोडमैप पर सहमति बनी जिसमें तय किया गया कि बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में कानूनी दखल सबसे प्रभावी औजार है। इन गैरसरकारी संगठनों का उद्देश्य अपने जिलों में जिला प्रशासन और बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) के साथ समन्वय से बाल विवाह के खिलाफ बने कानूनों पर अमल सुनिश्चित करना और जनजागरूकता अभियान चलाना, लोगों को बाल विवाह नहीं करने के लिए समझाना-बुझाना और कानूनी उपायों की मदद से बाल विवाह की रोकथाम करना है। इस अभियान के मूल में बाल विवाह के खात्मे के लिए प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता भुवन ऋभु की बेस्टसेलर किताब 'व्हेन चिल्ड्रन हैव चिल्ड्रेन टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' में सुझायी गयी कार्ययोजना है।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

IGI Certified Diamond Jewellery
50% Off on Making CHARGE
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD SILVER DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
91 9955526560
91 9431143722

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office: 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

# महागठबंधन का सिर्फ नाम बदला है चरित्र नहीं : सुदेश महतो

**एनडीए के 400 पार के लक्ष्य से विपक्ष परेशान, हमारी लड़ाई झूठ और लूट से**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** 'अबकी बार 400 पार' हमारा लक्ष्य और संकल्प है। हमारे इस लक्ष्य से विपक्ष परेशान है। महागठबंधन का सिर्फ नाम बदला है चरित्र नहीं। जब भी 400 पार की बात होती है तो जेएमएम-कांग्रेस के पसीने छूट जाते हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए झारखंड की जनता अपने प्यार, आशीर्वाद, साथ व सहयोग से 13 फूल और 1 फल को दिल्ली भेजने का काम करेगी। उम्मीदों और आकांक्षाओं का सबसे विश्वसनीय प्रतीक नरेंद्र मोदी हैं

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने टुंडी उच्च विद्यालय मैदान, टुंडी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा गिरिडीह लोकसभा से एनडीए उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में कही। इस दौरान झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत गठबंधन के कई नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इन्होंने अपने गठबंधन का सिर्फ नाम बदला है चरित्र नहीं। तुष्टिकरण की राजनीति पहले भी इनकी पहचान थी और आज भी है। इनके पास विकास को लेकर कोई प्लान नहीं है। इस चुनाव में एक तरफ मोदी जी की गारंटी है तो दूसरी ओर कभी न पूरे हो पाने वाले झूठे वादे। अपने झूठे वादों से राज्य व राष्ट्र के मतदाताओं को भ्रमित कर रहे हैं इंडी गठबंधन के लोग। उन्होंने कहा कि राजनेता अपने क्षेत्र में बेहतर शिक्षा के लिए सरकारी प्रयास करते हैं, वहीं मथुरा बाबू ने अपने और अपने परिवार के नाम पर निजी विद्यालय, महाविद्यालय खोल कर प्राइवेट प्रयास किया है। टुंडी की जनता आज कहती है कि मथुरा बाबू ने उनका वोट भी लिया और अब शिक्षा के नाम पर नोट भी ले रहे हैं। उनके निजी शिक्षण संस्थाओं में एक भी गरीब परिवार का बच्चा निःशुल्क पढ़ाई नहीं कर रहा है। कार्यक्रम में आजसू पार्टी केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## जेएमएम और कांग्रेस ने सिर्फ राज्य को लूटा है : बाबूलाल

भाजपा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जनसभा में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए गिरिडीह से एनडीए उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी को जिताने और 400 पार के संकल्प को पूरा करते हुए नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस करप्शन के सिवाय कुछ नहीं जानते। इन दोनों ने राज्य को लूटा है।

# अनुपमा सिंह को कुमारधुबी हॉस्पिटल के संचालक ने माला पहना कर किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपम अनुपमा सिंह ने तेतुलिया, निरसा चौक से चिरकुंडा शहीद चौक तक जनसंपर्क अभियान चलाया। हर चौक चौराहे पर उनका भय स्वागत किया गया। इसी दौरान एग्यारकुंड मोड़ मे कुमारधुबी हॉस्पिटल के संचालक अमन सिंह व उनकी पत्नी अंजू सिंह ने अपने हॉस्पिटल गर्मियों के साथ पुष्प की बड़े माला पहना कर भय स्वागत किया। वही अनुपमा सिंह ने सभी से आशीर्वाद लिया और कहा हमें आपका साथ चाहिए और आपका हाथ छाप चाहिए। अनुपमा सिंह के साथ निरसा कांग्रेस नेत्र निशा कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास को भी फूलों का माला पहनकर स्वागत किया। स्वागत में रेणु देवी, ज्योति सिंह, पूजा, रानी, निबेदिता, बर्षा, रंगबहादुर सिंह, सुरेश सिंह, संदीप सिंह, शुभम सिंह, सोनू सिंह, अशोक पासवान, अनिकेत सिंह इसके अलावे हॉस्पिटल कर्मी और आसपास के लोग भारी भीड़ मौजूद थे।



# 25 टन अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, चालक व उपचालक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की निति अपनाते हुए। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनन टास्क फोर्स ने बीती रात गोविंदपुर थाना क्षेत्र के भारत पेट्रोलियम पंप, अपना ढाबा के पास खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक के नेतृत्व में औचक जांच अभियान चलाया। इस संबंध में खान निरीक्षक ने बताया कि औचक जांच अभियान के दौरान ट्रक संख्या यूपी 65 एच.टी. 0376 की जांच की गई। उपरोक्त ट्रक पर बिना परिवहन चालान के 25 टन अवैध कोयला लोड था।




वहीं ट्रक के चालक (उत्तर प्रदेश निवासी) सर्वेश यादव एवं उपचालक (धनबाद निवासी) पवन कुमार से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि उपरोक्त कोयला कतरास क्षेत्र से अवैध खनन कर लाया गया था। तथा पाल सिंह नामक व्यक्ति द्वारा उसे गोविंदपुर ले जाने के लिए निर्देशित किया था। पूछताछ के बाद चालक एवं उपचालक को गिरफ्तार कर गोविंदपुर थाना को कार्रवाई करने के लिए सुपुर्द कर दिया है। साथ ही वाहन के मालिक, वाहन पर लदा कोयला तथा इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरुद्ध गोविंदपुर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिले में कई बार एसएसपी द्वारा भी करवाई की गई की गई है। पर अवैध कारोबारी इसको नजर अंदाज करते हुए अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। प्रसाशन लगातार इस पर करवाई करने के मूड में है। इसके बावजूद कॉल मफिया और अवैध कारोबारी रुकने को तैयार नहीं है। जबकि जिले में आचार संहिता और चुनाव को लेकर गहमागहमी है।

## हाइवा ने मारा स्कूटी को धक्का, बालबाल बचा सवार

**पिछरी(बेरमो)(आजाद सिपाही)। फुसरो जैनामोड मुख्य मार्ग के पिछरी एनार वर्क सोप के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार कोयला लदा हाईवा ने सड़क के किनारे खड़े स्कूटी पर धक्का मार दिया। जिससे स्कूटी सवार 35 वर्षीय जितेंद्र मिश्रा उर्फ टिंकू घायल हो गया। इस घटना में उसके पैर में चोट लगी। वही स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद चालक हाईवा छोड़ कर भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को निजी अस्पताल में इलाज कराया। बताया जाता है कि हाईवा संख्या जेएच 09 एजी 6788 कोयला लेकर फुसरो से बालीडीह की ओर जा रहा था।**

# अनुपमा सिंह धनबाद की आवाज बनकर मजबूती प्रदान करेंगी: जेबीसीसीआइ सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता

एग्यारकुंड। ईसीएल मुगमा क्षेत्र के लखीमाता कोलियरी में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा हुई। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता मधु गुरु और संचालन शशि भूषण तिवारी ने किया। नुक्कड़ सभा को चंडी बनर्जी इंटक के जेबीसीसीआई सदस्य ने संबोधित करते हुए कहा कि कोल इंडिया के एक एक खदान को निजी मालिकों को बेचने का कार्य कर रही है विगत दस सालों में कोल इंडिया का शेयर 37 % बेच दिया गया यहि हाल रहा तो निश्चित तौर पर कोल इंडिया को राष्ट्रीयकरण से अडानी अम्बानी के हाथों में बेच दिया जायेगा। उपेंद्र सिंह सीएमडब्ल्यू केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मुगमा क्षेत्र के कोलियरी को बेचने का कार्य शुरू हो गई है गोपीनाथपूर कोलियरी को बेच दिया गया कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह जीतती है तो निश्चित तौर पर इसका विरोध होगा और कोल इंडिया को बचाने के लिए मजबूत आवाज बनेगी। मौके पर श्यामल सरकार, दुर्गा दास, आरपी शर्मा, पजय मसीह, योगेश पति त्रिपाठी, शशि भूषण तिवारी, कृष्णा सिंह, जगदीश शर्मा,गणेश धर, हरेंद्र सिंह,सदन सिंह, संजय पालीत, जयदेव पात्रा, प्रदीप सिंह, मुख्तार अंसारी सहित सैकड़ों मजदूर यूनियन के साथी उपस्थित रहे।



# आम जनता बनाम मोदी सरकार के बीच है लोस चुनाव: सुखदेव भगत




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार में धनबाद पहुंचे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा इस बार का लोकसभा चुनाव आम जनता बनाम मोदी सरकार के बीच है। नरेंद्र मोदी के मुद्दे गाय,गोबर और गौमूत्र है जैसे कि वे देश नही बल्कि गौशाला चला रहे हैं। मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई कृषि कानून, देश की अर्थव्यवस्था होनी चाहिए। अग्निवीर में नौकरी महज चार साल के लिए है। नरेंद्र मोदी 75 के हो गए हैं और अपने लिए पांच साल और मांग रहें युवा को अग्निवीर में नौकरी के लिए चार साल ही दे रहे हैं। नरेंद्र मोदी देश नही चला रहे बल्कि देश में व्यापार कर रहे है।

# अनुपमा सिंह ने कर दी सिंह मेंशन में सेंधमारी, कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में उतरे मनीष सिंह, टूट रही है दलों की दीवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा के चुनावी समर में धनबाद की लोकसभा सीट सबसे हॉट मानी जा रही है। यहां 25 मई को मतदान होना है उससे पहले जोड़-तोड़ की पूरी कोशिश की जा रही है। धनबाद सीट पर जीत हार तय करने में सिंह मेंशन का फैक्टर माना जाता रहा है। धनबाद सीट पर बीजेपी की ओर से जहां ढुल्लू महतो उम्मीदवार हैं, तो वहीं कांग्रेस की ओर से बेरमो विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह चुनाव मैदान में हैं। अनूप सिंह की सक्रियता से धनबाद की सीट पर समीकरण बदल गया है। अनुपमा सिंह के समर्थन में बीजेपी के पूर्व विधायक संजीव सिंह के भाई मनीष सिंह उतर आये है। मनीष सिंह धनबाद के अलग-अलग इलाकों में जाकर कांग्रेस उम्मीदवार के लिए वोट मांग रहे हैं।





**सिंह मेंशन, रघुकुल और राज सिन्हा का साथ**

मनीष सिंह उर्फ सिद्धार्थ गौतम जनता मजदूर संघ के महामंत्री हैं, कोयला मजदूरों के बीच उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। सिद्धार्थ गौतम बीजेपी के पूर्व विधायक कुंती सिंह के बेटे और पूर्व विधायक संजीव सिंह के भाई हैं। इसके साथ ही वो बीजेपी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के देवर भी हैं। मनीष सिंह के कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में उतर जाने से बीजेपी उम्मीदवार की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

अनुपमा सिंह को बीजेपी के एक बड़े खेमे का समर्थन मिल रहा है। धनबाद विधायक राज सिन्हा भी अंदरखाने अनुपमा सिंह का समर्थन कर रहे है, जिस वजह से बीजेपी ने उन्हे नोटिस भी जारी कर दिया है। राज सिन्हा के अलावा बीजेपी के कई मंडल अध्यक्ष खुल कर अनुपमा सिंह के समर्थन में आ गये हैं। अनुपमा सिंह को एक ओर जहां सिंह मेंशन के मनीष सिंह का साथ मिल रहा है तो दूसरी ओर झरिया से कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह भी अनुपमा सिंह के लिए वोट मांग रही हैं। पार्टी और परिवार लाइन से हट कर अनुपमा सिंह को मिल रहे समर्थन से बीजेपी उम्मीदवार घिरते जा रहे हैं। इससे पहले पूर्व मंत्री सरयू राय भी अपना खुला समर्थन अनुपमा सिंह को दे चुके हैं। ढुल्लू महतो के खिलाफ वो लगातार हमलावर हैं। अनुपमा सिंह के समर्थन में दलों की दीवार टूटती नजर आ रही है, माना जा रहा है कि निरसा और सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी लाइन से हट कर अनुपमा सिंह को समर्थन मिल रहा है।

## सिंटर प्लांट के बैंड-2 के कैपिटल रिपेयर का कार्य शुरू




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सिंटर प्लांट बैंड-2 के कैपिटल रिपेयर का कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के पश्चात अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद की उपस्थिति में इसे संचालित किया गया। इस मौके पर श्री बी के बेहरा , मुख्य महा प्रबंधक (सिंटर प्लांट) , श्री धनञ्जय कुमार , मुख्य महा प्रबंधक (आर एम एच पी), श्री जे वी शेखर, मुख्य महा प्रबंधक (शॉप्स), श्री एम पी सिंह , मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) , श्री डी सरकार , मुख्य महा प्रबंधक (विद्युत) वरीय अधिकारी तथा कचारीगण उपस्थित थे। श्री बी के बेहरा , मुख्य महा प्रबंधक ( सिंटर प्लांट) के नेतृत्व में सिंटर प्लांट के महा प्रबंधक श्री अंशुमाली , श्री एस के सिंह , श्री सी ठाकुर , श्री ए हाजरा , श्री ए गुप्ता तथा इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल अनुरक्षण के वरीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों के सहयोग से नियत समय में पूरा किया गया।

## हम अपना कीमती वोट देकर मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनायेंगे: सुनील चौधरी



**कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी के वेस्टमुडीडीह में मंगलवार को दुर्गा सोरेन सेना का स्थापना दिवस मनाया गया,जिसमे कई दल के दर्जनों युवा अन्य पार्टी को छोड़ कर दुर्गा सोरेन सेना में शामिल हुए । कार्यक्रम में सर्वप्रथम दुर्गा सोरेन के चित्र पर माल्यर्पण कर दिप प्रज्वलित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के युवा केंद्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी ( पासी )ने बताया कि झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन जो अभी दुमका से भाजपा लोकसभा प्रत्यासी है उनकी दोनो बेटियों ने अपने दिवंगत पिता के नाम पर दुर्गा सोरेन सेना गठित की है। फिर उन्होंने कहा कि चुनाव के इस महापर्व पर हमलोग प्रण लेते है कि अपना कीमती वोट देकर माननीय नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनायेंगे । मौके पर पिंटू कुमार चौहान,सुनील चौधरी, राहुल नोनिया,रौनक शुभम चौहान,भोली चौहान आदि लोग मौजूद थे ।

# अनुपमा सिंह के चुनावी चहलकदमी के आगे हांफने लगे हैं विरोधी: समर्थक

**इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह का तूफानी जनसंपर्क जारी, समर्थन में उमड़ रहे लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार उफान पर है। विरोधियों को मात देने के लिए इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस की उम्मीदवार अनुपमा सिंह भी कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही हैं। समर्थक भी कह रहे हैं कि अनुपमा सिंह के चुनावी पैंतरेबाजी के आगे विरोधी हांफने लगे हैं। मंगलवार 21 मई को कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह सुबह साढ़े 9 बजे प्रतिदिन की भांति जनसंपर्क अभियान का आगाज किया। सबसे पहले उन्होंने जोड़ाफाटक स्थित प्रतिष्ठित शक्ति मंदिर में पहुंची और मां दुर्गा के साथ शिव-पार्वती व श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर माथा टेका व क्षेत्र के लोगों की सलामती की प्रार्थना की। इससे पूर्व मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने श्रीमती सिंह को लाल चुनरी ओढ़ाकर व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर अनुपमा ने कहा कि अगर उन्हें जीत मिली तो जनता के विश्वास पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि लोगों के आशाओं और अभिलाशाओं को पूर्ण करना ही हमारा अंतिम लक्ष्य होगा। शक्ति मंदिर के बाद अनुपमा सिंह का कारवां जनसंपर्क के लिए निकल पड़ा। संघन जनसंपर्क अभियान के क्रम में उन्होंने गोविंदपुर स्थित भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में सुमार नेताजी सुभाषचंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस उन्होंने प्रबुद्ध नागरिकों का आशीर्वाद प्राप्त किया। लोगों का साथ और समर्थन पाकर श्रीमती सिंह काफी अभिभूत दिखीं। इसके बाद अनुपमा सिंह का कारवां बरवा पहुंचा। वहां जनता से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा कानून बनायी थी। इसबार महागठबंधन की सरकार बनते ही अनाज गरीबों दो गुणा यानि 5 किलो की जगह पर 10 किलों अनाज दिया जाएगा। जनसंपर्क करते हुए अनुपमा का कारवा कुमारधुबी स्थित सिनेमा रोड पहुंचा। यहां के बाद कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का कारवां लोकसभा क्षेत्र के पापुलर नर्सिंग होम, शिवलीबाड़ी और कुमारडीह मोंड़ पर पहुंचा, जहां सघन जनसंपर्क चलाया गया। यहां उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही कांग्रेस युवा रोशनी के तहत 5 हजार करोड़ रूपए के राष्ट्रीय कोष की स्थापना की जाएगी, जिसके अंतर्गत युवाओं को स्टार्ट अप फंड देकर उद्यमी बनाया जाएगा। इस बीच प्रत्याशी अनुपमा सिंह मारवाड़ी समाज के निलय गडियाल के आवास पहुंची। वहां आत्मीय मुलाकात के बाद कारवां आगे बढ़ा। इसके बाद अंबेडकर चौक व हाउसिंग कालोनी के नेहरू रोड पर जनसंपर्क चलाया गया। यहां के बाद कारवां मैथन रोड पहुंचा, जहां सघन जनसंपर्क चला गया। इस बीच कांग्रेस की पांच गारंटी और पच्चीस वादे, हिस्सेदारी न्याय की गारंटी के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को एक साल के भीतर भरने की, रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध कराने हेतु इंदिरा कैंटिन, पहली नौकरी पक्की के तहत एक एक लाख देने का वादा आदि की जानकारी दी गई। अनुपमा का कारवां शिवलीबाड़ी, तालडांगा, चिरकुंडा, गोगना, पंडरा मोड़, गोविंदपुर के तेतुलिया, निरसा चौक, शासनबेड़िया, कंचनडीह, गल्फरबाड़ी आदि का भ्रमण करते हुए जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान अनुपमा सिंह के दिदार के लिए महिलाओं में होड़ मची रही। प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने लोगों का गर्मजोशी के साथ मुस्कुराते हुए अभिवादन स्वीकार किया।



## सांसद और विधायक से मिला गोमिया स्वर्णकार समाज, रखी अपनी मांग

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया स्वर्णकार समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य सोमवार को गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी व सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पेटरवार स्थित कार्यालय में गोमिया स्वर्णकार समाज के संगठन मंत्री संदीप स्वर्णकार के अगुवानी में मिला। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विधायक डॉ लंबोदर महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर गोमिया स्वर्णकार समाज के संगठन मंत्री संदीप स्वर्णकार सहित समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा एक स्वर में बताया गया कि सांसद एवं विधायक द्वारा गोमिया स्वर्णकार समाज के हित में कई कार्य किए गए हैं। वहीं केंद्र में पुनः मोदी सरकार के गठन के लिए समाज द्वारा एनडीए गठबंधन प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को अपना समर्थन देगा। मौके पर समाज के प्रखंड अध्यक्ष अंतु स्वर्णकार,सचिव फागू स्वर्णकार परमेश्वर स्वर्णकार, दीपक स्वर्णकार आदि उपस्थित थे।

# हम सभी का संकल्प हर बूथ पर कांग्रेस को हराना है: भानु प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भवनाथपुर के लोकप्रिय विधायक भानु प्रताप शाही एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह भूली मंडल भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय बुधनी हटिया भूली बी ब्लॉक पहुंचें। भानु प्रताप शाही ने भगवान श्रीराम जी के उद्घोषणा के साथ किया ।कार्यालय उद्घटान में श्री शाही ने कहा कि एक शरीर के दो पुत्र रघुवंशी तथा यदुवंशी ये देश श्रीराम के भाव से और श्रीकृष्ण के द्वारा मार्ग पर चल के ही देश का उन्नति किया जा सकता हैं। ढुल्लू महतो एक लड़ाकू और बहादुर योद्धा विधायक हैं जो झारखंड के उन्नति के लिए आवश्यक हैं। आज ये जब केंद्र के नेतृत्व में रहेंगे तो झारखंड के साथ धनबाद का विकास होगा। मौके पर अमरेश सिंह ने बताया कि हर बूथ पर 75 % मतदान करना हमारी ज़िम्मेदारी है और तभी हम सभी अबकी बार चार सौ पार के आँकड़े को पार कर पायेंगे। आगामी 25 मई को कमल छाप में मतदान कर मोदी सरकार को पुनः देश के विकास के लिए चुनने का काम करेंगे। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह, मुकेश लाल यादव,आईटी सेल संयोजक ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश जितेंद्र कुमार,भूली मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी ललन मिश्रा, महामंत्री बबलू सिंह, सरजू शर्मा, उपेंद्र सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी प्रयागराज रविदास, कमल किशोर,ओम प्रकाश झा, इंद्रकांत झा, अशोक गुप्ता,महेश सिंह, पप्पू शर्मा, राजेश सिंह, शंकर दयाल सिंह, गुड्डू आर्या, नीरज शर्मा, नरेश पंडित इत्यादि के साथ सभी भाजपा मंडल के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहें।



FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

आयुर्वेदिक क्षारसूत्र एवं अग्नि कर्म द्वारा सफल ईलाज शुरू
AVOID SRUGERY
• PILES
• FISTULA
• FISSURES &
• PILONIDAL SINUS
आयुर्वेद की युक्ति रोग से मुक्ति
PILES CURE CENTER
& SHIVAY AYURVEDA CHIKITSALYA
समपर्क करें
9162732562, 7004764956
Near Madan Dhaba, Kokar, Ranchi

## संबित पात्रा ने गलती के लिए मांगी माफी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी से लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा, जिन्होंने भगवान जगन्नाथ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परम भक्त बताने पर सभी की आलोचना झेली है। उन्होंने मंगलवार को अपने द्वारा की गयी गलती के लिए माफी मांगी है। पात्रा ने इस संबंध में एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि वह अपनी 'जुबान फिसलने' के लिए माफी मांगते हैं। पुरी से भाजपा सांसद उम्मीदवार संबित पात्रा ने भगवान जगन्नाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करने के बाद अपनी गलती स्वीकार कर ली है।

### वाराणसी में प्रधानमंत्री ने महिलाओं से सीधा संवाद किया

# चार जून के बाद शक्ति को महाशक्ति बनायेगा मोदी



आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार की शाम को वाराणसी पहुंचे। एक सप्ताह में वाराणसी के अंदर पीएम मोदी का यह दूसरा दौरा है। पीएम मोदी वाराणसी में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में 25 हजार से ज्यादा महिलाओं से सीधा संवाद किया। पीएम मोदी ने कहा कि मां गंगा ही अब हमारी माता है। वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन करीब डेढ़ घंटे तक चला।

भाजपा सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि महिलाओं को अब दर्द सहन नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल का खर्चा सरकार उठायेगी। 70 साल के जो भी बुजुर्ग होंगे, अब उनके खर्चे की जिम्मेदारी भी मोदी करेगा। आप अपना आयुष्मान कार्ड बनवाइये, बाकी सब मोदी पर छोड़ दीजिए। पीएम ने कहा कि मोदी ने कुछ दिन पहले ही पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना शुरू की है। बनारस में दो हजार से ज्यादा घरों में सोलर प्लांट लग चुका है। इससे भी लोगों के बिजली बिल में महीने के दो से ढाई हजार रुपये बच रहे हैं। चार जून के बाद 75 हजार रुपये सोलर के लिए दिए जायेंगे और आपका बिजली बिल शून्य हो जायेगा। विपक्ष पर बरसे हुए पीएम मोदी ने कहा, इंडिया गठबंधन के नेता कहते हैं शक्ति का विनाश करेंगे। चार जून के बाद मोदी आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बहुत जल्द 80 हजार से ज्यादा घरों को पाइप से गैस मिलने वाली है, इससे बचत बढ़ेगी। पिछले 10 सालों में बनारस के तीन लाख से ज्यादा लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ है। मैंने तीन लाख परिवारों के 10-10 हजार रुपये बचाए हैं। बनारस में 80 प्रतिशत की छूट के साथ दवाई मिलती है। सस्ती दवा मिलने से बनारस के लोगों का करोड़ों रुपया बचा है। पीएम मोदी ने कहा कि सपा वाले बेशर्मी से कहते थे लड़के हैं लड़कों से गलती हो जाती है। आज सपा के लड़के गलती करके दिखायें, योगीजी सरकार उनका वो हाल करेगी, जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। पीएम मोदी ने कहा पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है, जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की है। उन्हें इज्जत घर दिए। इसके लिए विपक्ष मजाक उड़ाते हैं। महिलाओं से बातचीत करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब घर आपके बिना नहीं चलता, तो देश कैसे चल जाता है। ये बात 60 वर्षों तक सरकारों को समझ ही नहीं आयी। कांग्रेस सपा की सरकारों में महिलाओं के साथ केवल उपेक्षा होती थी। इंडिया गठबंधन की मानसिकता ही महिला विरोधी है। इंडिया गठबंधन वाले महिलाओं को आरक्षण का विरोध करते हैं। जहां इनकी सरकार आती है, महिलाओं का जीना दूभर हो जाता है। बनारस के लोग तो यूपी-बिहार दोनों में रहे। जंगलराज से परिचित हैं। बहन-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था। बेटियों को सुरक्षा के डर से पढ़ाई छोड़ कर घर पर बैठना पड़ता था। पीएम मोदी ने कहा कि मां गंगा ही अब हमारी माता हैं। मां गंगा ने पहले मुझे काशी बुलाया था। अब मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है। आज इस आयोजन में इतनी सारी मातृशक्ति की मौजूदगी मुझे अभिभूत कर रही है।

### आज यूपी की बेटियां सुरक्षित हैं : योगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ भी थे। मातृशक्ति सम्मेलन में बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले का काशी और 2014 के बाद का काशी बदल गया है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम ने महिलाओं को सशक्त किया है। आज यूपी की बेटियां सुरक्षित हैं। पीएम के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। तीन तलाक कानून को खत्म किया गया। सीएम ने कहा, मोदी के संकल्प के साथ काशी की आधी आबादी जुड़ी है।

# सोआ कृषि महाविद्यालय ने विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा प्रबंधित कृषि विज्ञान संस्थान (आइएएस) के कीट विज्ञान विभाग द्वारा सोमवार को विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर आइएएस डीन प्रोफेसर संतोष कुमार राउत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कीट विज्ञान विभाग के अभिनव प्रयासों की सराहना की और इसे कॉलेज से विश्वविद्यालय स्तर तक मनाने और छात्रों के बीच अधिक जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अन्यतम अतिथि के रूप में आइएएस की प्रोफेसर विबुध पराशर, प्रोफेसर प्रभात कुमार षड़ंगी और प्रोफेसर एसएमए मंडल ने भाग लिया और इस दिवस के उद्देश्यों के बारे में बताया। कीट विज्ञान विभाग के प्रमुख और वरिष्ठ कीट विज्ञानी प्रो बिजय कुमार मिश्र ने समारोह की अध्यक्षता की, जबकि मधुमक्खी पालन पर्यवेक्षक प्रो ब्रज किशोर साहू ने स्वागत भाषण दिया और डॉ सत्यनारायण सतपथि ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम का प्रमुख संचालन डॉ भुबनानंद अभिकारी, डॉ स्वयं सिंह, डॉ रितेश मिश्र, विश्वजीत मिश्र और डॉ प्रज्ञा पति ने किया। इस अवसर पर सोआ छताबर अनुसंधान केंद्र से ताजा उत्पादित शहद प्रदर्शित किया गया।

# क्लिंकर के 58 वैगनोंवाली ट्रैफिक की पहली रैक मचापुर साइडिंग पर पहुंची

• क्लिंकर का उपयोग सीमेंट उत्पादन के लिए किया जाता है



आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधारोड।** माल ढुलाई के क्षेत्र में खोरधारोड मंडल ने एक और उपलब्धि हासिल की है। क्लिंकर के 58 वैगनों वाला ट्रैफिक का पहला रैक मचापुर रेलवे स्टेशन के पास स्थापित नयी साइडिंग पर प्राप्त हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा रायपुर, छत्तीसगढ़ से ओड़िशा के माचापुर तक 4048 मीट्रिक टन क्लिंकर का परिवहन किया गया। सीमेंट उत्पादन के लिए क्लिंकर प्राथमिक अवयव है। इसे पीस कर बारीक पाउडर बनाया जाता है और कई सीमेंट उत्पादों में बाइंडर के रूप में उपयोग किया जाता है। इसलिए ट्रेनों के माध्यम से क्लिंकर का इतनीभारी मात्रा में परिवहन निश्चित रूप से मचापुर में स्थापित सीमेंट विनिर्माण संयंत्र की मांग को पूरा करेगा। मचापुर में सीमेंट विनिर्माण संयंत्र की क्षमता 2.2 मिलियन टन प्रति वर्ष है और उम्मीद है कि 0.6 मिलियन टन माल ट्रेनों द्वारा ले जाया जायेगा, जो पूर्व तट रेलवे के लिए अतिरिक्त राजस्व होगा। खोरधारोड मंडल लगातार ग्राहकों और सरकारी क्षेत्रों के साथ विचार - विमर्श कर रहा है एवं उद्योगों और जनता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यक वस्तुओं और कच्चे माल के परिवहन के लिए प्रयास किया गया है।




चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

आम सूचना

कोई मतदाता न छूटे

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024
छठा चरण
मतदान की तिथि - 25 मई, 2024

Making Elections Accessible

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु 06 - गिरिडीह, 07 - धनबाद, 08 - राँची, 09 - जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की विवरणी निम्न प्रकार से है :-

| क्रम सं0 | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | व्यय प्रेक्षक क नाम एवं मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 06 - गिरिडीह | Arun Mahesh Babu Mob.: 9031832024 | Mohit Chawla Mob.: 9031082024 | Arjun Lal Jat Mob.: 9031632024 |
| 2. | 07 - धनबाद | K. Thavaseelam Mob.: 9229627347 | Mohit Chawla Mob.: 9031082024 | Anand Kumar - 9229601717 36-Bokaro, 37-Chandankiyari (SC) AC<br>Nikhil Goyal -9229582515 38-Sindari, 39-Nirsa, 40-Dhanbad, 41-Jharia AC |
| 3. | 08 - राँची | D. S. Ramesh Mob.: 9304079071 | Dr. Jalindar D. Supekar Mob.: 9304670762 | Virendra Kumar Singh Mob.: 9304657362 |
| 4. | 09 - जमशेदपुर | Killu Siva Kumar Naidu Mob.: 9431748099 | Dr. Jalindar D. Supekar Mob.: 9304670762 | S.P.G Mudaliar - 9431903880 44-Baharagora, 45-Ghatshila (ST), 46-Potka (ST) AC<br>Ish Gupta - 9431910441 47-Jugsalai (SC), 48-Jamshedpur East, 49-Jamshedpur West AC |

06 - गिरिडीह, 07 - धनबाद, 08 - राँची, 09 - जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाता, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव के संबंध में आवश्यकतानुसार संबंधित प्रेक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

वोटर्स हेल्पलाईन (टॉलफ्री) - 1950 / 1800-331-1950

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें
Voter Helpline
cVIGIL
Saksham-ECI
KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड

इस बार दिन भर मतदान
सुबह 07 से 05 बजे शाम।

P.R. 325021 (Election) 24-25

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**